


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 195/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10    संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल    ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 13 फरवरी 2025    भोपाल से प्रकाशित    dainiksandhyaprakash.in

### रजत पाटीदार RCB के कप्तान बने: कोहली बोले- आप इसके हकदार



रजत पाटीदार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु` नए कप्तान बनाए गए हैं। फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को X पोस्ट के जरिए रजत को नया कप्तान घोषित किया। इससे पहले विराट कोहली के कप्तान बनाने जाने की अटकलें थी, हालांकि ऐसा नहीं हुआ। फ्रेंचाइजी ने कोहली का एक वीडियो शेयर किया, इसमें विराट ने पाटीदार को कप्तान बनाए जाने पर बधाई दी।

# अमेरिका में मोदी की तुलसी से पहली मुलाकात, ट्रम्प से कई मुद्दों पर होगी चर्चा

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस की यात्रा समाप्त कर अमेरिका पहुंच चुके हैं। बुधवार देर शाम वाशिंगटन पहुंचते ही मीटिंग का दौर शुरू किया। उन्होंने सबसे पहले अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक और खुद को हिंदू बताने वाली तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। इसके बाद और भी महत्वपूर्ण अधिकारियों और नेताओं से उनकी मुलाकात होनी है।

पीएम मोदी ने इस मुलाकात की जानकारी देते हुए एक्स पर लिखा, ''वाशिंगटन डीसी में यूएसए की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। उन्हें नियुक्ति की बधाई दी। भारत-यूएसए मैत्री के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, जिसकी वे हमेशा से प्रबल समर्थक रही हैं।



### पीएम मोदी और तुलसी गबार्ड ने कई मुद्दों पर बात की

पीएम मोदी और अमेरिकी हिंदू समुदाय से आने वाली तुलसी गबार्ड की मुलाकात काफी महत्वपूर्ण है। कल ही अमेरिकी सीनेट ने तुलसी गबार्ड की अमेरिका के इंटेलिजेंस डायरेक्टर के रूप में नियुक्ति कि पुष्टी की है। तुलसी अब CIA और NSA समेत 18 खुफिया एजेंसियों की जिम्मेदारी संभालेंगी। पीएम मोदी ने मुलाकात के दौरान तुलसी गबार्ड को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। दोनों नेताओं ने काउंटर टेररिज्म, साइबर सिक्योरिटी और उभरते खतरों को लेकर आपसी बढ़ाने पर बात की।




### ट्रम्प के साथ डिनर करेंगे पीएम मोदी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मोदी का डेलीगेशन कुल 6 बैठकों में शामिल होगा। मोदी की अंतिम बैठक गुरुवार शाम 4 बजे (भारतीय समय के मुताबिक शुक्रवार रात 2-30 बजे) होगी। इसके बाद मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ डिनर करेंगे। मोदी और ट्रम्प व्हाइट हाउस में मीडिया से भी बातचीत कर सकते हैं। मोदी की अमेरिका यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब शहर बर्फबारी और ओले के कारण ठंड की चपेट में है। वे प्रेसिडेंट गेस्ट हाउस यानी आलीशान ब्लेयर हाउस में रुकेंगे। यह व्हाइट हाउस के ठीक सामने है। इस गेस्ट हाउस में वर्ल्ड लीडर्स ठहरते हैं। ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद यह किसी भी विदेशी राष्ट्रप्रमुख से चौथी मुलाकात है। इससे पहले वो इजराइल के प्रधानमंत्री, जापान के प्रधानमंत्री और जॉर्डन के किंग से मुलाकात कर चुके हैं।

### सांध्यप्रकाश विशेष





पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारी सनातन परंपरा में प्रत्येक शुभ कार्य से पूर्व होने वाली हर रस्म का अपना विशेष महत्व होता है। विवाह संस्कार में मामा पक्ष से होने वाली मायरा (चीकट) रस्म अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। यह रस्म मामा द्वारा वर-वधू के विवाह में श्री वृद्धि, समृद्धि एवं मंगलकामना के लिए की जाती है। मेरी धर्मपत्नी साधना के मायके मसानी परिवार (गोंदिया) द्वारा पूरे उत्साह एवं स्नेहभाव से मायरे की सामग्री प्रदान की गई। यह रस्म केवल उपहार देने की नहीं, बल्कि स्नेह, कर्तव्य और शुभाशीष की परंपरा को निभाने का प्रतीक है। परिवार के सभी मान्यजनों और परिजनों की उपस्थिति में यह रस्म हर्षोल्लास एवं मंगलमय वातावरण में संपन्न हुई।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद पर हेमंत खंडेलवाल की होगी ताजपोशी, नाम लगभग तय

**भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद पर हेमंत खंडेलवाल की ताजपोशी होगी। दिल्ली से भाजपा के सूत्रों के अनुसार यह नाम लगभग तय हो गया है। पार्टी ने पहले ही केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को प्रदेश अध्यक्ष के चयन के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है और उम्मीद जताई जा रही है कि वे जल्द ही मध्य प्रदेश का दौरा करेंगे। देखना यह दिलचस्प होगा कि क्या है यह ताजपोशी भोपाल में 24-25 फरवरी को आयोजित हो रहे राज्य शासन के प्रतिष्ठा प्रसंग GIS के पहले होगी या बाद में!



वैसे तो प्रदेश अध्यक्ष के लिए कई नाम चर्चा में हैं, लेकिन रेस में अब सबसे आगे बैतूल से विधायक और पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल का नाम तेजी से आगे आया है। खंडेलवाल को संघ, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पार्टी के अन्य नेताओं का समर्थन मिल रहा है। हेमंत खंडेलवाल के पिता स्व. विजय खंडेलवाल भी भाजपा के नेता थे, जिससे उनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि मजबूत और पार्टी से बहुत गहरा जुड़ाव है। पार्टी सूत्रों के अनुसार हेमंत खंडेलवाल के संघ से जुडे होने और विवादों से दूर रहने के चलते पार्टी अब धीरे धीरे उनके नाम पर सहमति बन गई है। वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का कार्यकाल पांच साल का हो चुका है और उन्हें फिर से मौका मिलने की संभावना कम है। बताया गया है कि अध्यक्ष पद के लिए हेमंत खंडेलवाल पहली पसंद बन गए हैं।

## दिल्ली के अगले सीएम प्रवेश वर्मा होंगे, भाजपा और संघ दोनों की सहमति के संकेत!

दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, अब इस कयास के बादल छंट गए। दिल्ली विधानसभा के बीजेपी के नए मुख्यमंत्री का नाम लगभग तय हो गया। जानकारी के मुताबिक, अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाल सकते हैं। उनके नाम पर बीजेपी और आरएसएस में सहमति बन गई।



नई दिल्ली सीट से 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा इस पद के लिए सबसे प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। संभावना है कि दिल्ली में मुख्यमंत्री की शपथ 20 फरवरी को होगी।

आरएसएस के सूत्रों का कहना है कि सहमति बनने के बाद बीजेपी का नेतृत्व प्रवेश वर्मा के नाम पर ही मुहर लगाएगा। अरविंद केजरीवाल को हराने का ईनाम उन्हें दिया जाएगा। दिल्ली की राजनीति में प्रवेश वर्मा का नाम 'जायंट किलर' के तौर पर उभरा है। उन्होंने यमुना के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और केजरीवाल को उनके इलाके में चौतरफा घेर लिया था। बीजेपी की लिस्ट में अपने नाम की घोषणा से पहले ही उन्हें नई दिल्ली सीट पर अपनी तैयारी शुरू कर दी थी। इसका उन्हें फायदा भी मिला और जीत हासिल हुई।

INVEST MADHYA PRADESH GLOBAL INVESTORS SUMMIT 24 & 25 FEBRUARY 2025, BHOPAL — INFINITE POSSIBILITIES —

# मोदी ग्लोबल समिट का उद्घाटन एवं शाह करेंगे समापन

## अदाणी-बिड़ला और अंबानी भी आएंगे, अब तक 20 हजार से ज्यादा रजिस्ट्रेशन

**भोपाल।** भोपाल में 24-25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। पीएम समिट स्थल मानव संग्रहालय में सुबह 10 से 11.30 बजे तक रहेंगे। शेड्यूल के मुताबिक, पीएम 23 फरवरी की रात में भोपाल आ सकते हैं। वे राजभवन में रुकेंगे। प्रधानमंत्री मोदी और सीएम डॉ. मोहन यादव देश-विदेश के शीर्ष उद्योगपतियों के साथ राजभवन में डिनर भी करेंगे।

समापन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आएंगे। समिट के लिए देश के दो बड़े उद्योगपति गौतम अदाणी और कुमार मंगलम बिड़ला की सहमति मिल गई है जबकि मुकेश अंबानी भी आएंगे। उनकी मौखिक सहमति मिली है। समिट के लिए अब तक 20 हजार से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

### निरंतर उद्योगपतियों, निवेशकों से हो रहा संपर्क

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक समय लोग उद्योगपतियों से मिलने में झिझक महसूस करते थे, लेकिन हमने उस धारणा को बदला है। हम निरंतर उद्योगपतियों, निवेशकों से संवाद कर रहे हैं। प्रदेश में छोटे-छोटे स्थान पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की गई हैं। समाज में उद्योगपतियों का महत्वपूर्ण स्थान है। उद्योगों से रोजगार उत्पन्न होते हैं और रोजगार से लोगों की आजीविका चलती है। वे एक तरह से उद्योगपति समाज के पालक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज दुनिया कह रही है कि हम बुद्ध के रास्ते पर चलकर युद्ध से विमुक्त होंगे।



### मुख्य डोम के मंच पर सिर्फ पोडियम रहेगा

अब तक के प्लान के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी मुख्य डोम में रहेंगे। डोम की कैपेसिटी 3000 लोगों की है। मंच पर सिर्फ पोडियम रहेगा, जहां अतिथि स्पीच देकर लौट जाएंगे। ठीक सामने 60 VVIP कुर्सियां लगाई जाएंगी। यहां प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, अदाणी, अंबानी, बिड़ला समेत देश के शीर्ष बड़े उद्योगपति, केंद्रीय मंत्री, डिप्टी सीएम, संबंधित विभागों के मंत्री, सांसद, विधायक आदि रहेंगे। डोम में 40 से ज्यादा बड़ी स्क्रीन लगेंगी ताकि पीएम और अन्य अतिथियों को आखिरी छोर तक बैठे उद्योगपति सुन सकें।

### बिड़ला ग्रुप की कंपनियों के एमडी भी आएंगे

देश के शीर्ष उद्योगपति गौतम अदाणी और कुमार मंगलम बिड़ला के आने की सहमति एमपी स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (MPIDC) को मिल गई है। कंपनी के अधिकारियों ने भी समिट को लेकर रजिस्ट्रेशन कराया है। अफसरों की मानें तो बिड़ला ग्रुप की सारी कंपनियों के एमडी के रजिस्ट्रेशन भी हुए हैं।



भोपाल के इंद्रागांधी मानव संग्रहालय में तैयारियां जोरो पर

# राज्यसभा में वक्फ बिल पर जेपीसी रिपोर्ट पेश

### खड़गे बोले- ये फर्जी; संजय सिंह ने कहा- राय पर असहमति ठीक, लेकिन कूड़ेदान में क्यों फेंका

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के पहले चरण का आज आखिरी दिन है। राज्यसभा में भाजपा सांसद मेधा कुलकर्णी ने वक्फ बिल पर जेपीसी रिपोर्ट पेश की। विपक्ष ने इस पर हंगामा किया। रिपोर्ट पेश किए जाने के बाद सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। सभा की कार्यवाही संक्षिप्त अवधि के लिए स्थगित करनी पड़ी। लोकसभा में सदस्यों के हंगामे के कारण स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- जेपीसी की यह रिपोर्ट फर्जी है। इसमें विपक्ष की असहमतियों को डिलीट कर दिया गया। ये असंवैधानिक है।सदन



की कार्यवाही के दौरान सदस्यों की तरफ से विरोध और आक्रोश प्रकट किए जाने के मुद्दे पर खरगे ने कहा कि अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद की जा रही है।

### सभापति ने तीन सांसदों का नाम लेकर चेतावनी दी

सभापति धनखड़ ने सदन के वेल में आने वाले तीन सांसदों का नाम लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा, समीरुल इस्लाम, नदीमुल हक और मोहम्मद अब्दुल्ला ने सदन के वेल में आकर कार्यवाही को बाधित किया। उन्होंने कहा कि सदन में व्यवस्था बहाल न होने पर विवश होकर उन्हें कड़े फैसले लेने पड़ेंगे।दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू होने पर हंगामा और शोर-शराबा जारी रहने को लेकर सभापति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी भी प्रकट की। उन्होंने सांसदों को असंसदीय आचरण करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी।



### आपने इतने साल शासन किया, अब आप ही सांसदों के अधिकार छीन रहे, कांग्रेस सांसदों पर बरसे ओम बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को सदन में नारेबाजी कर रहे कांग्रेस सांसदों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा, आपकी पार्टी ने देश में लंबे समय शासन किया है। अब आप ही नियोजित तरीके से हंगामा करके सदस्यों का अधिकार छीनना चाहते हैं। दरअसल, कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सांसद अदाणी समूह से संबंधित एक खबर को लेकर सदन में हंगामा कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विक्रमोत्सव की तैयारियों के संबंध में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में बैठक ली।

## भारत की ब्रह्मोस मिसाइल पर दुनिया का बढ़ा भरोसा

**नई दिल्ली।** भारत की बनाई ब्रह्मोस मिसाइल के फैन दुनिया के कई देश हो गए हैं। फिलीपींस के बाद अब खबरें हैं कि चार और देशों ने इस सुपरसॉनिक क्रूज मिसाइल को हासिल करने में रुचि दिखाई है। हालांकि, इस लेकर सेना या सरकार की तरफ से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। भारत ने बीते साल ही में फिलीपींस को ब्रह्मोस की डिलीवरी करना शुरू किया है।

ट्रिब्यून इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, भारत 4 और देशों को ब्रह्मोस बेचने की योजना बना रहा है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इनमें संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, मिस्त्र और वियतनाम शामिल है। इससे पहले भारत पहले ही यह मिसाइल फिलीपींस को बेच चुका है। वहीं, इंडोनेशिया से डील पर चर्चाओं का दौर जारी है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि कुछ समय में इंडोनेशिया से




एक प्रतिनिधिमंडल भारत आ सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, देश मुख्य रूप से ब्रह्मोस का लैंड वर्जन खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। जबकि, फिलीपींस ने तट पर इस्तेमाल किए जाने वाले वेरिएंट की मांग की थी, जो एंटी शिप क्रूज मिसाइल बन सकता हो।




# 150 करोड़ में बनकर तैयार हुआ संघ का नया हेडक्वार्टर, भाजपा दफ्तर से भी भव्य है केशव कुंज, दान में मिली रकम से हुआ तैयार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बुधवार को दिल्ली में अपने नए कार्यालय परिसर केशव कुंज का उद्घाटन किया। यह आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। यह करीब 5 लाख वर्ग फुट में फैला हुआ है। इसमें टावर, ऑडिटोरियम, एक पुस्तकालय, एक अस्पताल और एक हनुमान मंदिर शामिल हैं। इस भवन का निर्माण सार्वजनिक दान से 150 करोड़ की लागत से हुआ है।

केशव कुंज का डिजाइन इस प्रकार किया गया है कि यह कार्यक्रमों, प्रशिक्षण और बैठकों के लिए एक आदर्श स्थान बने। पुस्तकालय शोध कार्यों को सहायता प्रदान करेगा, जबकि ऑडिटोरियम में बड़े आयोजनों का आयोजन किया जा सकेगा। इस परिसर में पांच बिस्तरों वाला एक अस्पताल भी है। यह परिसर दिल्ली के झंडेवाला में स्थित है और 4 एकड़ में फैला हुआ है। इसके निर्माण में 150 करोड़ का खर्च हुए हैं। इसके विशाल आकार के कारण यह भाजपा के



मुख्यालय से भी बड़ा है। इसमें RSS के कार्यालय, आवासीय स्थान और अन्य गतिविधियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध हैं।

केशव कुंज में तीन टावर आरएसएस की नई मुख्यालय में तीन टावर हैं। इनका नाम साधना, प्रेरणा और अर्चना रखा गया है। इन टावरों में कुल मिलाकर 300 कमरे हैं। साधना टावर में संगठन के कार्यालय हैं। बाकी दोनों में आवासीय परिसर हैं। इन दोनों आवासीय टावरों के बीच एक बड़ा खुला स्थान है, जिसमें एक सुंदर बगीचा और आरएसएस के संस्थापक केशव बालिराम हेडगेवार की मूर्ति भी स्थित है। 135 कारों की पार्किंग की सुविधा केशव कुंज परिसर में 135 कारों की पार्किंग की सुविधा है, जिसे भविष्य में 270 कारों तक विस्तारित किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, RSS कार्यकर्ताओं और संघ से जुड़े लोगों ने इस परिसर के निर्माण के लिए दान दिया है। करीब 75,000 लोगों ने 5 रुपये से लेकर लाखों रुपये तक का योगदान किया है। यह भवन पारंपरिक राजस्थान और गुजरात के वास्तुकला से सजा हुआ है। इसमें 1,000 ग्रेनाइट फ्रेम का उपयोग किया गया है। लकड़ी के उपयोग को कम किया गया है। इस कार्यालय में एक पुस्तकालय भी है जिसे केशव पुस्तकालय के नाम से जाना जाएगा। यहां संघ के शोध कार्य किए जाएंगे।

# खेतों में फसल कटाई उपरांत नरवाई जलाने पर प्रतिबंध, कलेक्टर आशीष सिंह ने जारी किये आदेश



**इन्दौर।** पर्यावरण सुरक्षा को देखते हुए नेशनल ग्रीन टिब्युनल के निर्देशों के क्रम अंतर्गत प्रदेश में फसलों विशेषत: धान एवं गेंहूँ की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों (नरवाई) को खेतों में जलाये जाने को प्रतिबंधित किया गया है। इस संबंध में जारी निर्देशों के उल्लंघन किये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। पर्यावरण विभाग द्वारा नरवाई में आग लगाने के विरूद्ध पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि दण्ड का प्रावधान निर्धारित किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने एक आदेश जारी करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि आवश्यक व्यवस्था बनाकर बेहतर पर्यावरण जन स्वास्थ्य एवं जीव जन्तुओं की जीवन सुरक्षा सुनिश्चित करें तथा जारी आदेशानुसार प्राथमिकता से कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बताया गया कि ऐसा कोई व्यक्ति/निकाय/ कृषक जिसके पास 2 एकड़ तक की भूमि है तो उसको नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में 2500 रुपये प्रति घटना के मान से आर्थिक दण्ड भरना होगा। ऐसा कोई व्यक्ति/निकाय/कृषक जिसके पास 2 से 5 एकड़ तक की भूमि है तो उसको नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में 5 हजार रुपये प्रति घटना के मान से आर्थिक दण्ड भरना होगा। ऐसा कोई व्यक्ति/निकाय/कृषक जिसके पास 5 एकड़ से अधिक भूमि है तो उसको नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में 15 हजार रुपये प्रति घटना के मान से आर्थिक दण्ड भरना होगा। उक्त दण्ड वसूलने हेतु संबंधित व्यक्ति/निकाय/कृषक जिनके द्वारा नरवाई जलाकर पर्यावरण को क्षति पहुँचाई गई है, को उप संचालक कृषि सूचना-पत्र जारी करेंगे। उक्त सूचना-पत्र को व्यक्ति/निकाय /कृषक पर व्यक्तिश: तामिल कराने की जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी की होगी। संबंधित क्षेत्र के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी इसका पर्यवेक्षण करेंगे एवं तामिल किए गए सूचना पत्रों की सूची अनुविभागीय कृषि अधिकारी उप संभाग इन्दौर के माध्यम से उप संचालक कृषि को प्रस्तुत करेंगे। उक्त कार्य हेतु कृषि विस्तार अधिकारी, संबंधित ग्राम के हल्का पटवारी एवं पंचायत सचिव के साथ समन्वय बनाकर कार्य करेंगे। आवश्यकता पडने पर संबंधित थाने से पुलिस बल भी साथ में लिया जा सकता है, परन्तु प्रत्येक प्रकरण में पुलिस बल को नहीं ले जाया जाएगा, मात्र अत्यधिक आवश्यक होने पर ही पुलिस को साथ लेकर सूचना-पत्र तामिल कराया जाएगा। उप संचालक कृषि द्वारा सूचना-पत्र प्राप्त होने के बाद संबंधित व्यक्ति सूचना-पत्र में उल्लेखित पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि चालान के माध्यम से ट्रेजरी में खाता क्रमांक 0070 (अन्य प्रशासनिक सेवाऐं) में जमा कराकर चालान की एक प्रति कृषि विस्तार अधिकारी को उपलब्ध करायेंगे। उक्त चालान की प्रति एकत्रित कर उसकी सूची बनाकर कृषि विस्तार अधिकारी, अनुविभागीय कृषि अधिकारी उप संभाग इन्दौर के माध्यम से उप संचालक कृषि को प्रस्तुत करेंगे। आदेश में कहा गया है कि नरवाई जलाने से किसानों को रोकने की जिम्मेदारी कृषि विभाग की है एवं भारत सरकार की संस्था आईसीएआर-क्रीम्स द्वारा देश में नरवाई में आग लगाने की मॉनिटरिंग सैटेलाईट के माध्यम से की जा रही है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में कोलार में आज एक शाम श्रीराम के नाम कार्यक्रम

सांध्य प्रकाश संवाददाता
भोपाल



भोपाल। राजवेद राजहर्ष कॉलोनी जन कल्याण विकास समिति एवं क्षत्रिय लोनारी कुन्बी समाज युवा संगठन कोलार के सहयोग से एक शाम श्रीराम जी के नाम भजन संध्या का भव्य आयोजन 13 फरवरी को किया जा रहा है। इसमें भजन गायक भक्तिमय प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति उपस्थित रहेंगे। राजहर्ष कॉलोनी स्थित एकता पार्क में 13 फरवरी दिन गुरुवार को शाम 7 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम आयोजक राजू पाटनकर ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें रविन्द्र यति का जन्मदिवस धूमधाम से मनाकर स्वागत सम्मान किया जाएगा साथ ही एक शाम श्रीराम जी के नाम भजन संध्या में गायक कलाकरों द्वारा भगवान के भजनों की आकर्षक भक्तिमय प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों, क्षत्रिय लोनारी कुन्बी समाज युवा संगठन और राजवेद राजहर्ष कॉलोनी जन कल्याण विकास समिति के सदस्यों के साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहेंगे।

## कविता लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित



**संत हिरदाराम नगर।** मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ संत रविदास के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्रों ने सुंदर मंत्रों के साथ प्रार्थना गीत गाया। छात्रों को संबोधित करते हुए कक्षा आठवीं के छात्र दिव्यांश भारद्वाज द्वारा संस्कृत भाषा में संत रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य अजय बहादुर सिंह, संस्था के अकादमिक निदेशक गोपाल गिरधानी एवं संस्था उपप्राचार्य दीपा एंथोनी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में उन छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने हाल ही में रत्नासागर द्वारा आयोजित अंग्रेज़ी कविता लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन छात्रों में कक्षा तीसरी के राजवीर सिंह, मयंक सिंह और पार्थ वाघमारे, कक्षा चौथी के दक्ष पाल, मानव तलरेजा और दक्ष बलवानी, कक्षा पाँचवीं के नमन पमनानी, यश तलरेजा और जीतेश तोलानी, कक्षा छठवीं के आर्यन खेराजानी और रीत कुमार, कक्षा सातवीं के कलश मोहनानी, नक्ष गुलानी और कार्तिक कुमार रामचंदानी तथा कक्षा आठवीं के रुद्राक्ष सिंह कोट, आशीष उच्छारिया और निखिल माधवानी शामिल हैं। इन छात्रों ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की।

## दलित आदिवासी फोरम ने मनाई रविदास जयंती मनाई



भोपाल। दलित आदिवासी वंचित फोरम की ओर से तुलसी नगर भोपाल संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाई गई। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आंबेडकर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्था के चेयरमैन डा मोहनलाल पाटील की उपस्थिति हुये कार्यक्रम में सर्वश्री बाबुराव ढोने, प्रकाश रणविर, अशोक पाटील, राहुल मेश्राम, महादेव डोंगरे, नरेंद्र गडपायले, मधुकर पाटील, निलेश तायडे,उमेश नारनवरे, पांडुरंग लुंगे, नितिन घोडेस्वार आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर डा मोहनलाल पाटील ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने अपनी वाणी, वचनों एवं दोहों के माध्यम से अंधश्रद्धा पर कुठाराघात कर सामाजिक समता के लिए जाती भेद को खत्म करने के लिए कार्य किया है। उनका संकल्प अभी भी पुर्ण नही हुआ है। अभी भी देश जातीवाद एवं अंधश्रद्धा से पिडीत हैं।

### प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का हो रहा है प्रभावी क्रियान्वयन

## स्कूल शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय टॉस्क फोर्स गठित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्ष-2020 का स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रतापसिंह की अध्यक्षता में क्रियान्वयन के लिये राज्य स्तरीय टॉस्क फोर्स का गठन किया गया है। इसके साथ ही नई शिक्षा नीति में अध्यायवार राज्य स्तरीय समितियों का भी गठन किया गया है। अधिकारियों, प्राचार्यों और शिक्षकों को न्यू एजुकेशन पॉलिसी पर केन्द्रित ऑनलाइन उन्मुखीकरण प्रशिक्षण दिया गया है। न्यू एजुकेशन पॉलिसी ट्रेकर के साथ क्रियान्वयन की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है।

### प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा

प्रदेश में वर्ष 2024-25 की वार्षिक कार्य-योजना की स्वीकृति के आधार पर 4473 शालाओं में पूर्व प्राथमिक कक्षाएँ संचालित की जा रही हैं। इन शालाओं में आयु वर्ग समूह 3 से 6 के लगभग एक लाख बच्चे दर्ज हैं। शालाओं में उपलब्ध अतिरिक्त शिक्षक और कक्षा-1 और 2 को पढ़ाने वाले शिक्षकों द्वारा प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को पीएम पोषण उपलब्ध कराने के लिये शिक्षा पोर्टल पर प्रावधान किया गया है। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) से संबंधित 170 मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षित किये गये हैं। नर्सरी, के.जी.-I और के.जी.-II के बच्चों के लिये वर्क-बुक भाग-1, 2 और 3 और उनके मूल्यांकन के लिये समग्र प्रगति पत्रक तैयार किये गये हैं। इन बच्चों के भाषा और संज्ञानात्मक विकास के लिये 10 विषयों पर पोस्टर तैयार किये गये हैं। पहले चरण में प्रदेश की 18 हजार 650 आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया था। दूसरे चरण में करीब 40 हजार आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिलाया गया है। प्रशिक्षण के बाद आँगनवाड़ी कार्यकर्ता बच्चों की दक्षता के साथ देखभाल, अक्षर और भाषा का ज्ञान दे रही हैं।

### मिशन अंकुर का क्रियान्वयन

प्रदेश में कक्षा-1 एवं 2 की विषयवार अभ्यास पुस्तिकाएँ और शिक्षक मार्गदर्शिका तैयार कर बच्चों एवं शिक्षकों को उपलब्ध करायी गयी हैं। प्राथमिक कक्षाओं के लिये विभाग द्वारा लर्निंग किट तैयार कर शालाओं को उपलब्ध करायी गयी हैं। राज्य में खेल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये जादुई पिटारा प्रदाय किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

## रविदास जयंती पर सुन्दरकाण्ड पाठ और महाआरती, प्रसादी का किया वितरण



**संत हिरदाराम नगर।** संत शिरोमणी गुरू रविदास जी जन्मोत्सव समिति द्वारा हर साल की तरह इस साल भी संत रविदास महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। बुधवार को संत रविदास मंदिर पर चंचल चौराहे पर कार्यकम का आयोजन किया गया जहां पर मुख्य रूप से हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा उपस्थित थे। रविदास महाराज के भजन कीर्तन किए गए और सुबह 8 बजे से सुन्दरकाण्ड की प्रस्तुति दी गई। दोपहर 12 बजे से महाआरती और प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर संत रविदास फूल एसोसिएशन के सभी सदस्य सहित भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, राजू, वीरा स्वामी, पंडित रवि पटेरिया आदि मौजूद थे।

### संत रविदास जयंती मनाई

भोपाल। संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती टैगोर मंडल मनाई गई। संत शिरोमणि रविदास को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर टैगोर मंडल के अध्यक्ष पारस नरवरिया टैगोर मोर्चा के अध्यक्ष हंसराज जी युवा मोर्चा के महामंत्री लोकेश पांडे , जिले के मंत्री मोर्चे के अनिल बावसकर विनोद माझी जी कुणाल जी अमन जी विनायक जी कैलाश जी अहिरवार समाज के वरिष्ठ समाजजन और माताएं बहने उपस्थित रही।

## प्रमाणित बीजों से बढ़ाई जा रही है फसलों की उत्पादकता: कृषि मंत्री कंषाना

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि बीज प्रमाणीकरण संस्था का गठन भारत सरकार द्वारा अधिसूचित बीज अधिनियम 1966 की धारा 8 के अन्तर्गत किया गया है। संस्था का मुख्य कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप गुणवत्ता के बीजों का प्रमाणीकरण करना है। प्रमाणित बीजों से प्रदेश में फसलों की उत्पादकता बढ़ाई जा रही है। बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा विगत् एक वर्ष की अवधि में बीज प्रमाणीकरण का महत्वपूर्ण कार्य किया गया। खरीफ-2024 में 1.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बीज प्रमाणीकरण के लिए पंजीकृत हुआ और 15 लाख क्विंटल बीज प्रमाणित किया गया। रबी सीजन में 1.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बीज प्रमाणीकरण के लिए पंजीकृत हुआ और 21.86 लाख क्विंटल बीज प्रमाणित किया गया। ग्रीष्म-2024 में 9021 हेक्टेयर क्षेत्र बीज प्रमाणीकरण के लिए पंजीकृत हुआ और 85 हजार क्विंटल बीज प्रमाणित किया गया।

बीज प्रमाणीकरण संस्था के टैग्स पर 2डी क्यूआर कोड का उपयोग किया जा रहा है। किसी भी एन्ड्रॉयड फोन से इसे स्कैन किया जा सकता है। स्कैन करने पर प्रमाणित बीज लॉट के लिए जारी प्रमाण-पत्र खुल जायेगा, जिसमें बीज लॉट की समस्त जानकारी उपलब्ध है। फसल, किस्म, लॉट क्रमांक, टैगों की सीरीज, कुल कितने टैग जारी किये गये, पैकिंग साइज, पैकिंग मात्रा, बीज परीक्षण परिणाम, अंकुरण, भौतिक शुद्धता, अन्य फसलों, अन्य पहचान योग्य बीज, खरपतवार, नमी, किस कृषक एवं संस्था द्वारा बीज का उत्पादन किया गया और किस सहायक बीज प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा पैकिंग एवं टैगिंग की गई, समस्त जानकारी स्कैन के माध्यम से देखी जा सकती है। केन्द्र सरकार द्वारा तैयार किये गये साथी पोर्टल पर बीजोत्पादन कार्यक्रम और बीज का ट्रेसेबिलिटी ऑथेन्टिकेशन की जानकारी ली जा सकती है। साथी पोर्टल की वेबसाईट है।

## मंत्री सारंग अपेक्स बैंक से करेंगे स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान की शुरुआत

**भोपाल।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अवसर पर सहकारिता के महत्व के प्रति लोगों को जागरूकता लाने के लिये विभाग के तहत सभी स्तर के विभागीय कार्यालय, सहकारी संस्थाओं में 13 फरवरी को स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता दिवस कार्यक्रम मनाया जायेगा। मंत्री सारंग सुबह 11 बजे अपेक्स बैंक, भोपाल से स्वच्छता अभियान की शुरुआत करेंगे।निर्देशानुसार प्रदेश की सभी शीर्ष संस्थाओं के प्रबंध संचालक, संभाग/जिला के संयुक्त/उप/सहायक आयुक्त सहकारिता और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी कहा गया है कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभाग एवं संस्थाओं में कार्यालयीन नस्तियों को व्यवस्थित करना, पुराने रिकार्ड के बस्तों में संदर्भ अंकित होना, कार्यालय में इंडेक्स रजिस्टर का संधारण जिसकी मदद से पूर्ण परिसमापन, वैधानिक कार्यवाही, स्थापना आदि के विगत 10 वर्षों के विवरण तत्काल ज्ञात किये जा सकें, जैसे काम हों। साथ ही शौचालयों की सफाई एवं कार्यालयीन कक्षों में रोशनी एवं साज-सज्जा की जायें। विभाग एवं संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारी जिला कार्यालय में एकत्रित हों। उसके बाद अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर विशेष साफ-सफाई आयोजन के बैनर के साथ एक रैली निर्धारित स्थल जिला सहकारी बैंक, अन्य सार्वजनिक स्थल अथवा किसी संस्था कार्यालय तक सहकारिता एवं स्वच्छता विषयक नारे लगाते हुये निकाली जायें। इस आयोजन के बाद कार्यालय/संस्थावार फोटोग्राफ्स की प्रति व्हाट्सएप पर तथा हार्ट कॉपी मुख्यालय को अनिवार्य रूप से भेजने के निर्देश दिये हैं।

## आकाश एजुकेशनल भोपाल के 35 छात्रों ने जेईई मेन्स में 95 पर्सेंटाइल से अधिक हासिल किया




**भोपाल।** टेस्ट प्रिपरेटरी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन मेन्स 2025 (सेशन 1) में अपने छात्रों की शानदार उपलब्धि की घोषणा की है। भोपाल के 35 छात्रों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा के पहले सत्र में 95 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में मोहम्मद हम्जा ने 99.88 पर्सेंटाइल, पीयूष भार्गव ने 98.99, आर्यन कुशवाहा ने 98.92, मानन गुप्ता ने 98.84 और सुमित परमार ने 98.83 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। ये परिणाम छात्रों की मेहनत और शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाते हैं, जो भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कल परिणाम घोषित किए, जिससे इस वर्ष की दो नियोजित जेईई परीक्षाओं की शुरुआत हुई इनमें से अधिकांश छात्र आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित थे, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक, आईआईटी जेईई, को क्रैक करना है। छात्रों को बधाई देते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के चीफ एकेडमिक और बिजनेस हेड, डॉ. एच. आर. राव ने कहा, हम जेईई मेन्स 2025 में अपने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व महसूस कर रहे हैं। उनकी कड़ी मेहनत और संकल्प, सही मार्गदर्शन के साथ मिलकर, इन शानदार परिणामों का कारण बने हैं। आकाश में, हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुँचने में मदद करती है। सभी सफल छात्रों को बधाई, और हम उनके आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हैं। जेईई (मेन्स) को दो सत्रों में आयोजित किया जाता है ताकि छात्रों को अपने स्कोर सुधारने के लिए कई अवसर मिल सकें। जहां जेईई एडवांस्ड विशेष रूप से प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश के लिए आवश्यक है, वहीं जेईई मेन्स राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों और अन्य केंद्रीय सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है।

## ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कर्मियों के लिये आयोजित हुई प्रदेश स्तरीय कार्यशाला

सांध्य प्रकाश संवाददाता ●
भोपाल



मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस (टी.एल.एम.) कर्मियों की दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में प्रदेश के टी.एल.एम. उपसंभाग के 40 कर्मियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में लाइन कर्मियों को नेतृत्व कौशल, टीम वर्क के साथ सहायक एवं समावेशी तरीके से कार्य करने के अलावा अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला में प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने कहा कि इस तरह की प्रशिक्षण कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य ट्रांसमिशन कंपनी में नये टीम लीडर तैयार करना है, जो पावर सेक्टर में बदलती परिस्थितियां और बढ़ती चुनौतियों का सफलता पूर्वक सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि एम.पी. ट्रांसको को देश की सर्वश्रेष्ठ ट्रांसमिशन कंपनी बनाये रखने के लिये वर्तमान कार्यशैली में बदलाव की आवश्यकता है। इस तरह की प्रशिक्षण कार्यशालाएं कर्मियों के आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ाने में सहायक हो रही है। सभी ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कर्मियों को बेयरहेंड मेंटेनेंस के साथ-साथ हॉट लाइन मेंटेनेंस की ट्रेनिंग लेना चाहिए, ताकि वो लाइन मेंटेनेंस की सभी विधाओं में पारंगत हो सके। उन्होंने कर्मियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जाना और उन्हें दूर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

### पहली बार वरिष्ठ लाइन कर्मियों ने भी दिया प्रशिक्षण

मुख्य अभियंता श्री संदीप गायकवाड़ की परिकल्पना पर एम.पी. ट्रांसको के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कर्मियों के लिये पहली बार इस तरह की कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें मुख्य बात यह रही वरिष्ठ लाइन कर्मियों श्री गप्पू सिंह इटारसी एवं जबलपुर के श्री मंगल पनिका, श्री राजेन्द्र कुशवाहा आदि ने न केवल प्रशिक्षण प्राप्त किया बल्कि उन्होंने साथियों को जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य के साथ किस तरह विभिन्न परिस्थितियों में संयम के साथ कार्य निष्पादित करना है, इस संबंध में अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने मेंटेनेंस के महत्वपूर्ण गुर भी सिखाये।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव नई दिल्ली में कर्टेन रेजर कार्यक्रम में 400 से अधिक प्रतिभागी भी हुए शामिल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में हर सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं मौजूद है। यहां नर्मदा, ताप्ती आदि नदियों की अपार जल राशि है, निरंतर बिजली उपलब्ध है, वन संपदा है, सड़कों, रेलवे और वायु मार्ग का अच्छा नेटवर्क है और उद्योगों को बड़ी रियायतें हैं। मुख्यमंत्री ने आगामी 24 एवं 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में झीलों, पहाड़ों और वन संपदा से युक्त सुंदर भोपाल शहर में आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में अधिक से अधिक निवेश करें और इन तारीखों को अविस्मरणीय बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को नई दिल्ली में जीआईएस-2025 के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में उद्योगपतियों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे देश के चमत्कारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था के बाद अब तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। इस कार्य में निवेशकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत प्राकृतिक संसाधनों के साथ मानव संसाधन में भी आगे है। हम उद्योगों को बढ़ाकर ही आगे बढ़ सकते हैं। हमारे प्रधानमंत्री मोदी विश्व भर का भ्रमण कर भारत की प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की उद्योग एवं निवेश नीति निवेशकों के लिए बहुत फ्रेंडली है। हम स्टार्ट-अप्स को विशेष महत्व दे रहे हैं। उद्योगों में विभिन्न प्रकार की रियासतों के साथ ही इस बात का सर्वाधिक ध्यान रखा जाता है कि उनके सारे काम समय से हो जाएं। मध्यप्रदेश में जमीन दिल्ली की तुलना में एक बटे 40 गुना और मुंबई की तुलना में एक बटे 100 गुना सस्ती है। मध्यप्रदेश में सभी सेक्टर में विशेष रूप से टेक्सटाइल के क्षेत्र में निवेश की असीमित संभावना है। हम टेक्सटाइल्स पर 200 प्रतिशत इंसेंटिव देते हैं, हमारा कॉटन उच्च्य गुणवत्ता का है। मेरी जापान यात्रा के दौरान यूनिक्लो कंपनी के मलिक ने भी इस बात का उल्लेख किया था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक समय लोग उद्योगपतियों से मिलने में झिझक महसूस करते थे, लेकिन हमने उस धारणा को बदला है। हम निरंतर उद्योगपतियों, निवेशकों से संवाद कर रहे हैं। प्रदेश में छोटे-छोटे स्थान पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की गई हैं। समाज में उद्योगपतियों का महत्वपूर्ण स्थान है। उद्योगों से रोजगार उत्पन्न होते हैं और रोजगार से लोगों की आजीविका चलती है। वे एक तरह से उद्योगपति समाज के पालक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज दुनिया कह रही है कि हम बुद्ध के रास्ते पर चलकर युद्ध से विमुक्त होंगे। महात्मा बुद्ध हमारे ही देश के थे। भारत ने ही सारे विश्व को शांति और सर्व कल्याण का संदेश दिया है। हम शांति और विकास के पक्षधर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जीआईएस-2025 के दिल्ली में इन्वेस्ट एम.पी. कर्टेन रेजर कार्यक्रम में कहा कि भोपाल में 24-25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का कर्टेन रेज़र केवल एक औपचारिक कार्यक्रम न होकर संभावनाओं से भरपूर, सशक्त और समृद्ध मध्यप्रदेश की एक झलक थी। हमारे निवेश के 3डी मॉडल को आज दुनिया भर के उद्योग जगत ने सराहा है। यह मॉडल निवेशकों की ड्राइव, प्रदेश के डेवलपमेंट और हमारी डिटरमिनेशन का प्रतीक है। हम निवेशकों के साथ एक मजबूत साझेदारी बनाकर मध्यप्रदेश को नवाचार और औद्योगिक क्रांति का केंद्र बनाने की दिशा में निरंतर कार्यरत रहेंगे। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि मध्यप्रदेश आगे बढ़ते हुए एक इंडस्ट्री रेडी स्टेट बन रहा है। हमने सभी सेक्टर के उद्योगपतियों को आमंत्रित किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि आयोजन में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारी की जिसमें नई दिल्ली एवं आसपास के क्षेत्रों के निवेशक शामिल हुए। साथ ही 40 देशों के राजनयिक और व्यापारिक प्रतिनिधि, राजदूत, उच्चायुक्त, काउंसलर, मुख्य सचिव आर्थिक व व्यापारिक विशेषज्ञ आदि शामिल हुए। आयोजन में 15 से अधिक प्रमुख उद्योगपतियों से वन वन मीटिंग की गई जिसमे से जागृत कोटेचा (सीईओ, पेप्सिको भारत और दक्षिण एशिया), पुनित डालमिया (चेयरमैन, डालमिया भारत), माधवकृष्ण सिंघानिया (जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, जेके सीमेंट), विनीत मित्तल (चेयरमैन, अवाडा ग्रुप), जीन-मार्क लेक्लरक्यू (सीईओ, सॉफलेट माल्ट), रिकान्त पिट्टी (संस्थापक, ईज माय ट्रिप), विनय व्यास (सीईओ, फ्यूजन एक्स एनर्जी), अनिल चालमालासेटी (ग्रुप सीईओ और एमडी, ग्रीनको ग्रुप), विनीत आर्य (वाइस चेयरमैन, जेबीएम समूह), राहुल मित्तल (चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, ऋड्ढञ्चश्चस्) और सुश्री अनुसूया रे (वाइस प्रेसिडेंट कॉर्पोरेट अफेयर्स, ऐबी-इनवेव इंडिया) शामिल थे।

### अवाडा ग्रुप एमपी में करेगा 50 हजार करोड़ का निवेश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नई दिल्ली में आयोजित एमपी-जीआईएस 2025 के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में निवेशकों से मध्य प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश करने की अपील की। अवाडा ग्रुप के चेयरमैन विनीत मित्तल एमपी में निवेश करने को तैयार हैं। साथ ही राज्य की औद्योगिक नीतियों में किए गए सुधारों और आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। अवाडा ग्रुप ने मध्य प्रदेश में 50 हजार करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की है। 2013 में 150 मेगावाट की परियोजना के बाद अवाडा का यह निवेश राज्य के आर्थिक विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य की औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन में सक्रिय भूमिका निभाई है। राघवेंद्र सिंह ने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश में निवेश के लिए यह सही समय है और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से राज्य की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा।मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि मध्य प्रदेश में एक महीने के भीतर 11 नई नीतियों को मंजूरी दी गई है। ये नीतियां राज्य के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण हैं, और राज्य सरकार जल्द ही और नीतियां लाएगी।

## मनु श्रीवास्तव बने IAS एसोसिएशन के अध्यक्ष, लवानिया सचिव, कुमार पुरुषोत्तम चुने गए कोषाध्यक्ष




सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश में आईएएस एसोसिएशन के चुनाव हो गए हैं। आईएएस मनु श्रीवास्तव को अध्यक्ष चुना गया है। वहीं, रश्मि शमी उपाध्यक्ष, अविनाश लवानिया सचिव, कुमार पुरुषोत्तम कोषाध्यक्ष और केवीएस चौधरी को संयुक्त सचिव चुना गया है। सदस्यों में IAS विवेक पोरवाल, अनुभा श्रीवास्तव, निशांत बरबड़े, संजीव सिंह, सुदाम खाड़े, इलैया राजा टी, कौशलेंद्र विक्रम सिंह, गिरीश शर्मा, चंद्रमौली शुक्ला और प्रीति मैथिल नायक का नाम शामिल है। इससे पहले वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और अपर मुख्य सचिव (एसीएस) मोहम्मद सुलेमान एसोसिएशन के अध्यक्ष थे। उनका कार्यकाल 31 दिसंबर 2024 को पूरा हो गया था। आईएएस एसोसिएशन के बायलॉज के अनुसार हर तीन साल में चुनाव होते हैं। आमतौर पर यह प्रक्रिया सहमति और समन्वय पर आधारित रहती है। चुनावों में एक्जीक्यूटिव कमेटी का अहम योगदान होता है, जो अध्यक्ष के नाम को तय करके प्रक्रिया को सहज और विवाद-मुक्त रखती है।

हालांकि 2007-08 में चुनाव की नौबत आई थी, तब संदीप खन्ना ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया था। उस वक्त भी एक्जीक्यूटिव कमेटी की पहल से समझौता हुआ और राकेश साहनी अध्यक्ष चुने गए थे। उसके बाद से अब तक सर्वसम्मति की परंपरा चल रही है। एक्जीक्यूटिव कमेटी जो नाम सुझाती है, उसी पर मुहर लग जाती है।

गौरतलब है कि आईएएस एसोसिएशन का अध्यक्ष पद प्रशासनिक दृष्टिकोण से अहम होता है। वर्तमान अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान को 2022 में एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया था। वे 1989 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं। उनके पहले 1988 बैच के आईएएस अधिकारी आईसीपी केशरी अध्यक्ष थे। उनकी सेवानिवृत्ति के बाद यह पद मोहम्मद सुलेमान को सौंपा गया था। अब मनु श्रीवास्तव को अध्यक्ष चुना गया है। 1991 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी मनु श्रीवास्तव के पास आईआईटी दिल्ली से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक और एमटेक की डिग्री है।

## अमरकंटक में राजनीतिक सरगर्मी तेज, हाथी प्रतिमा के निचे से निकले पीसीसी चीफ, सीएम और पूर्व सीएम को दी चुनौती



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी वर्तमान में संगठन को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेशभर का दौरा कर रहे हैं। बुधवार को, उन्होंने अनूपपुर जिले के अमरकंटक में मां नर्मदा की पूजा-अर्चना की और हाथी प्रतिमा के नीचे से गुजरने की परंपरा निभाई। इस अवसर पर पटवारी ने मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री को चुनौती देते हुए कहा कि वे भी अमरकंटक आएं और हाथी प्रतिमा के नीचे से निकलकर दिखाएं। उन्होंने मां नर्मदा मंदिर में विधि-विधान से पूजा की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं कल्याण के लिए प्रार्थना की।

जीतू पटवारी ने कहा कि अमरकंटक की हाथी प्रतिमा को लेकर मान्यता है कि इसके नीचे से गुजरने से क्लेशों से मुक्ति मिलती है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने मां नर्मदा के उद्गम स्थल पर पहुंचकर पुण्य सलिला की कृपा से हाथी प्रतिमा के नीचे से निकलने के बाद माई के दरबार में दंडवत प्रणाम किया। पटवारी ने याद दिलाया कि दो साल पहले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने अमरकंटक में 100 करोड़ की लागत से नर्मदा कॉरिडोर बनाने की घोषणा की थी और अनूपपुर में मां नर्मदा लोक की कार्ययोजना तैयार करने का निर्णय लिया गया था। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या मोहन सरकार बताएगी कि इस परियोजना पर कितना कार्य हुआ है? साथ ही, उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए पूछा कि धर्म, आस्था और विश्वास के नाम पर झूठ बोलने की आदत कब तक जारी रहेगी।

जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को खुली चुनौती दी है। पीसीसी चीफ ने कहा, मैं पूर्व और वर्तमान मुख्यमंत्री से आग्रह करता हूं कि अगली बार जब भी अमरकंटक आएं, तो हाथी प्रतिमा के नीचे से गुजरकर दिखाएं। अमरकंटक में उन्होंने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया, जिसके बाद वे पुष्पराजगढ़ विधानसभा की बैठक के लिए रवाना हो गए। बता दें कि जीतू पटवारी तीन दिवसीय अनूपपुर दौरे पर हैं, जहां वे अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ और कोतमा विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं की बैठकें कर संगठन विस्तार पर चर्चा करेंगे।

# गौवन्य विहार में समुचित पानी और बिजली की निर्बाध आपूर्ति व्यवस्था करें : उप मुख्यमंत्री शुक्ल





### बसामन मामा गौवन्य विहार के निर्माण कार्यों की समीक्षा की

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा के बसामन मामा गौवन्य विहार अभ्यारण्य में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने गाय को गुड़ चना खिलाकर गौसेवा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्य विहार में बिजली की निर्बाध आपूर्ति की व्यवस्था करें। नये विद्युत सबस्टेशन के निर्माण तक बसामन मामा मंदिर के पास के फीडर से कनेक्शन करायें। गौशाला से जुड़ी 17 एकड़ जमीन पर दो गौशाला शेड का इस तरह निर्माण करें की बाउन्ड्रीबाल बनाने की आवश्यकता न रहे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बसामन मामा गौवन्य विहार के निर्माण कार्यों की वृहद समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नाले में दो स्टापडैम सह रपटा निर्माण का एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिये। स्टापडैमों के निर्माण से गौशाला में पानी की व्यवस्था के साथ चारागाह विकास की भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने माइक्रो सिंचाई परियोजना से पूर्वा तालाब तथा क्षेत्र के अन्य तालाबों में पानी भरने की व्यवस्था करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। इसके साथ ही पानी पीने के लिए हौज तथा चारा चारागाह की बाउन्ड्रीबाल का निर्माण तत्काल शुरू कराने के लिये कहा। कार्यपालन यंत्री पीएचई दोनों सम्पवेल में 7 दिवस में पानी भरने की व्यवस्था करें।

उप मुख्यमंत्री ने बैठक में वनमंडलाधिकारी को गायों के चरने के वन क्षेत्र में पानी की व्यवस्था करने तथा विभागीय प्लांटेशन में गौशाला की खाद के उपयोग के निर्देश दिए। बैठक में उप संचालक पशु पालन डॉ. राजेश मिश्रा ने बसामन मामा गौअभ्यारण्य के कार्यों की जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री ने गौशाला में प्रस्तावित श्री राधा कृष्ण गौ मंदिर के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया एवं निर्माण कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रातः गौअभ्यारण्य का भ्रमण किया तथा नवजात बछड़े को गोद में उठाकर दुलार किया। पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी, स्थानीय जन प्रतिनिधिगण तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## महाकुंभ पर बोले मंत्री विजयवर्गीय-श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ आएगी, अंदाजा किसी को नहीं था



**भोपाल।** प्रयागराज महाकुंभ की अव्यवस्थाओं की खासी चर्चा है। इस पर अब मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का बयान आया है। उन्होंने बुधवार को बीजेपी कार्यालय में मीडिया से चर्चा में कहा कि महाकुंभ में व्यवस्था जबरदस्त है, लेकिन इतनी जनता आ जाएगी, ओवर क्राउड हो जाएगा इसका अंदाजा किसी को नहीं था। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सभी सोच रहे थे कि इस पूरे अनुष्ठान में 20-25 करोड़ लोग आएंगे, लेकिन अभी तक 50 करोड़ से ज्यादा डुबकी लगा चुके हैं। यह विश्व का सबसे बड़ा सनातन समागम है। इसमें यदि कोई त्रुटियां दिखाई देती है तो इनकी तरफ नहीं देखना चाहिए, विश्व में इतना बड़ा मानव समुद्र देखने को नहीं मिलता, जो प्रयागराज में देखने को मिल रहा है। दिग्विजय सिंह के गंगा में डुबकी लगाने और व्यवस्थाओं पर सवाल पर मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि वह नहाने चले गए यही बहुत बड़ी बात है। लेकिन गंगा से निकलने के बाद फिर ऐसा बयान दिया जो बताता है कि कुछ लोगों पर कितनी भी गंगा नहा डाले कोई असर नहीं होता है। देश की जनता अब आप को पहचान गई है। सबसे बड़े झूठ बोलने वाला कोई नेता है तो वह सिर्फ केजरीवाल है, ऐसी राजनीति दूर तक नहीं जाती है। सुप्रीम कोर्ट फ्रीबीज पर अपनी राय देते रहते हैं। सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग इस तरह के निर्देश सीधे जारी करें कि राजनीतिक दल इस तरह की घोषणा नहीं करें तो इस पर आगे चर्चा होगी। मेट्रोपोलिटन सिटी पर जल्द सभी के साथ बैठक करेंगे, यह मेरे दिमाग का ही बेबी है जब साल 2012 में यह विभाग मेरे पास था। तब मैंने ही आदेश दिए थे कि इस तरह की कल्पना करना चाहिए कि मेट्रो सिटी के करीब जो उपनगर है, उनके ट्रैफिक, पानी, भविष्य की जरूरत के हिसाब से काम हो।

सिख दंगों में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर को दोषी माने पर मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि इससे साफ हो गया कि 1984 के दंगे कांग्रेस द्वारा प्रयाजित थे। इसमें कांग्रेस के नेताओं का हाथ था। उन्होंने सिख समाज को प्रताड़ित किया। सिख को हिंदू धर्म से अलग करने का काम किया गया। यह पाप के भागीदार है। ग्लोबल समिट को लेकर उन्होंने कहा कि इससे इतना निवेश आएगा कि 20 लाख को रोजगार मिल सकेगा। सीएम मोहन यादव बहुत मेहनत कर रहे हैं और आज दिल्ली में भी राजदूतों के साथ भेंट कर रहे हैं।

एफडीआई सीधे नहीं आता है लेकिन यह मध्य प्रदेश में होगा। वहीं संत रविदास जयंती पर उन्होंने कहा कि कभी भी हमारे यहां जातिवाद, छुआछूत नहीं रही, जूता बनाने वाले संत रविदास संत हुए। कुंभ में आज जो स्नान कर रहा है तो क्या उससे किसी की जाति पूछी जाती है, साधु की कोई जाति नहीं होती है। इतिहासकार जो अंग्रेजों के गुलाम थे और कम्युनिष्ट मानसिकता के थे, उन्होंने सनातन को बदनाम किया।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल से कुलगुरू प्रो. कुड़रिया ने की सौजन्य भेंट



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल से राजनिवास सर्किट हाउस रीवा में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलगुरू प्रो. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया ने सौजन्य भेंट की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि कुलगुरू के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय व इससे सम्बद्ध महाविद्यालय नई उचाइयाँ छूएंगे। उन्होंने अपेक्षा की कि स्वरोजगार व रोजगार से संबंधित नवीन व उपयोगी पाठ्यक्रम संचालन में भी कुलगुरू की भूमिका होगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में आईटी पार्क का निर्माण किया जा रहा है जो युवाओं के लिये वरदान साबित होगा। सौजन्य भेंट में कुलगुरू ने उप मुख्यमंत्री जी को आश्वस्त किया कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय व महाविद्यालय को और आगे ले जाने के सभी प्रयास किये जायेंगे। इस अंचल की संभावनाओं को दृष्टिगत रखकर नये पाठ्यक्रम संचालित होंगे। प्राचीन भारतीय इतिहास को आर्टिफिसियल इटेलीजेन्स से सम्बद्ध कर पाठ्क्रम प्रारंभ करने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में सोलर पैनल की स्थापना भी कराई जायेगी ताकि सोलर बिजली का उपयोग हो सके।

## उप मुख्यमंत्री ने महाकुंभ तीर्थयात्रियों को भोजन और पानी का किया वितरण

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने महाकुंभ जा रहे तीर्थयात्रियों के लिए रीवा बाईपास में हरिहरपुर में लगाये गये शिविर में पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा तीर्थयात्रियों को भोजन एवं पानी का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने तीर्थयात्रियों से संवाद करते हुए रीवा जिले एवं मध्यप्रदेश में की गयी समुचित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। तीर्थयात्रियों ने उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल से कहा कि मध्यप्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर तीर्थयात्रियों के लिए जगह-जगह भोजन, पानी, चाय, बिस्किट, फल एवं दूध का वितरण किया जा रहा है जिससे हम लोगों को कहीं भी कोई परेशानी नहीं हो रही है। रीवा जिले में भी आपके मार्गदर्शन में सभी व्यवस्थाएं की गयी हैं जिससे बड़ी संख्या में यात्रीगण विभिन्न सेवाएं प्राप्त कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने शिविर स्थल में लगाये गये चिकित्सा कैंप का भी निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि






सामाजिक संगठनों के सहयोग से विन्ध्य में तीर्थयात्रियों के लिए निःशुल्क भोजन, पानी की व्यवस्था की गयी है। इसके साथ ही चिकित्सा व अन्य आवश्यक व्यवस्थायें भी की गयी हैं।

# महाकुंभ : अपराधों का प्रायश्चित

राकेश दुबे

प्रयाग का महाकुंभ अपने अंतिम चरण में है।ज्ञान एवं चेतना के परस्पर मंथन ऐसा दिव्य पर्व जो हिंदू धर्मावलम्बियों की जागृत चेतना को बिना किसी आमंत्रण के खींच कर ले प्रयाग ले गया है। वेदों, श्रीमद्भागवतपुराण, विष्णुपुराण, स्कन्दादिपुराणों तथा अन्य प्राचीन ग्रन्थों में इस महापर्व का उल्लेख मिलता है। इतिहासकारों के अनुसार कुंभ मेला सिंधुघाटी सभ्यता से भी पुराना है। कुछ इतिहासकारों के अनुसार कुंभ मेले का आयोजन गुप्तकाल (तीसरी से पांचवीं सदी) में सुव्यवस्थित रूप में शुरू हुआ। चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी 629-645 ईस्वी में सम्राट हर्षवर्धन के शासनकाल में प्रयागराज के कुंभ मेले का वर्णन किया है। उन्होंने इसे एक विशाल और भव्य आयोजन बताया, जिसमें असंख्य साधु, विद्वान और श्रद्धालु सम्मिलित होते थे, अब भी होते हैं।

आधुनिक प्रशासनिक ढांचे के तहत कुंभ का स्वरूप गुप्त काल से शुरू हुआ और शंकराचार्य ने इसे धर्म और समाज को जोडने़ का माध्यम बनाया। किन्तु धर्माचार्य मानते हैं कि कुंभ मेला अनादि है। यह किसी एक घटना से प्रारंभ नहीं हुआ, बल्कि मानव सभ्यता के साथ इसकी परंपरा विकसित हुई।

प्रयागराज में माघ अमावस्या के दिन सूर्य और चंद्रमा मकर राशि में होते हैं और गुरु वृषराशि में होता है। प्रयागराज में गंगा, यमुना तथा सरस्वती के त्रिवेणी संगम पर प्रत्येक 12 वर्ष पश्चात कुंभमेले का आयोजन होता है, जिसे 'महाकुंभमेला' कहते हैं। सनातन धर्म के अनुयायियों का महत्वपूर्ण आयोजन तथा दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मेला है और दुनिया भर से लोग यहां आते हैं। इस पर्व का मुख्य अनुष्ठेय कर्म 'शाही स्नान' है, जो विभिन्न अखाड़ों द्वारा किया जाता है। इसमें संत और साधु मिलकर स्नान करते हैं और उनके बाद ही आम श्रद्धालुओं को स्नान की अनुमति मिलती है। कुंभ में स्नान को, अमृत-स्नान के समान माना गया है। इसके अलावा प्रवचन, कीर्तन और धार्मिक प्रवास भी पर्व में अंगभूत कर्म होते हैं।

इसकी महत्ता और उपादेयता स्कन्दपुराण एवं विष्णुपुराण में स्पष्ट है- 'सहस्त्रं कार्तिके स्नानं माघे स्नानशतानि च। वैशाखे नर्मदा कोटि॒ कुंभस्नानेन तत्फलम्।। तथा अश्वमेधमहस्त्राणि वाजपेयशतानि च। लक्षं प्रदक्षिणा भूमे॒कुंभस्नानेन तत्फलम्।।' कार्तिक महीने में हजार बार, माघ में सौ बार, वैशाख में करोड़ बार गंगा-नर्मदादि में स्नान करने से जो फलप्राप्ति होती है, वही फल एक बार कुंभस्नान करने से प्राप्त हो जाता है। हजार अश्वमेध यज्ञ, सौ वायपेय यज्ञ, लक्ष पृथ्वी-परिक्रमा करने से जो फल प्राप्ति होती है, वही फल एक बार कुंभ-स्नान से प्राप्त हो जाता है। अन्यान्य पुराणों सहित महाभारत में भी कुंभपर्व की महत्ता दर्शायी गई है। स्नानोपरांत दान का महत्व भी प्रतिपादित है। कुंभ में दान (अन्न, वस्त्र, धन) को अति पुण्यकारी माना जाता है। साधुओं और सत्पात्रों को दान देने से, व्यक्ति के कर्म शुद्ध होते हैं। मान्यता है कि संतों के दर्शन और उनका आशीर्वाद जीवन को सुखमय और कल्याणकारी बनाता है। कुंभ के समय योग, ध्यान और आध्यात्मिक साधनाएं करने से आत्मा को शांति और शक्ति मिलती है। इसे आत्मा और परमात्मा के मिलन का समय माना जाता है। कुंभ मेला हमारी गौरवशाली संस्कृति का अभिन्न अंग है, जो भारतीय समाज के धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन के प्रत्येक पहलू को संजोए हुए है। यह मात्र आस्था का प्रतीक नहीं है, अपितु भारतीय धर्म, दर्शन, परंपरा और खगोलीय विज्ञान का अद्भुत संगम भी है। कुंभ मेला भारतीय संस्कृति की वह धरोहर है, जो प्रत्येक पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुडने़ का अवसर प्रदान करता है तथा गंगास्नान, साधना, दानधर्म, पितृतर्पण, श्राद्धविधि, सन्तदर्शन, धर्मचर्चा जैसे सुकृत्यों को सम्पादित करने की आधारभूमि प्रदान करता है। समूचा विश्व चकित है कैसी श्रद्धा है? कैसी गंगा मां है? कैसी आस्था है? और कैसा कुंभ है? कैसा धर्म है? कैसा विज्ञान है? कैसा ग्रह-नक्षत्रों का योग है? जन सैलाब एक ही उद्देश्य को लेकर उमडा है।कुंभपर्व मात्र जल से शरीर का मिलन नहीं है, कुंभ स्नान का यथार्थ अर्थ है, तन-मन को अमृतमय जल से भिगोकर पूर्वकृत के पापों, अपराधों के प्रायश्चित करने का सरलतम मार्ग।

# दबाव में भारतीय कूटनीति



डॉ. ब्रह्मदीप अलूने

*भारत ने अक्सर वांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमलों और उत्पीड़न के मामलों पर ध्यान आकर्षित किया है। भारत की कूटनीति का उद्देश्य वांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा करना रहा है। वाग्लादेश में हिन्दू, बौद्ध और अन्य अल्पसख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं घटित होती रही हैं। इनकी पुनरावृत्ति ने सवाल खड़ा किया है कि क्या भारत की कूटनीति इन समस्याओं को रोकने में सक्षम रही है*

भारत की कूटनीति ने वांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की कूटनी रक्षा करने के लिए कई प्रयास किए हैं, लेकिन इन प्रयासों में सफलता सीमित रही। कई वार भारतीय दवाव ने असर नहीं दिखाया क्योंकि वांग्लादेश के आंतरिक और कूटनीतिक समीकरण इसे प्रभावी तरीके से रोकने में अवरोध डालते हैं। भारत की ओर से इस मुद्दे पर लगातार संवेदनशीलता और दवाव बनाने की कोशिश की जाती रही है, फिर भी इसके परिणाम स्थिर और संपूर्ण नहीं रहे।

भारत की कूटनीतिक रणनीति में सॉफ्ट पावर का वड़ा योगदान है। सॉफ्ट पावर एक देश की ऐसी शक्ति होती है, जो अन्य देशों और समाजों को अपनी ओर आकर्षित करने या प्रभावित करने के लिए सैन्य या आर्थिक ताकत इसे इतर सांस्कृतिक, कूटनीतिक और नैतिक गुणों का उपयोग करती है। यह हिंसा या वल का उपयोग नहीं करती, वल्कि सांस्कृतिक आकर्षण, मूल्य, विचार और विचारधारा पर आधारित होती है। नैतिकता, समन्वय और अहस्तक्षेप की भारत की सॉफ्ट पावर की नीति पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने में लगातार नाकाम रही है। पिछले साल वांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के वाद देश में हिन्दू और अन्य अल्पसंख्यक समूहों पर वेतहाशा अत्याचार वढ़े हैं। वांग्लादेश में 12वीं में पढ़ने वाली एक हिन्दू छात्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक चिट्ठी भेज कर मदद की गुहार लगाई है। वांग्लादेश हिन्दु वृद्धिस्ट क्रिश्चियन ओइक्या परिषद ने भी एक रिपोर्ट पेश की है, जिसमें वताया गया है कि अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़ी लड़कियों का बड़े पैमाने पर अपहरण, शादी और उत्पीड़न हो रहा है। वांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान हिंसा के शिकार हुए कई हिन्दुओं को अभी तक न्याय नहीं मिल पाया है, और आरोपियों पर मुकदमा चलाने के प्रयासों का कट्टरपंथी तत्व जोरदार तरीके से हिंसक विरोध करते हैं।

15 अगस्त, 1947 को भारत का धर्म के आधार पर विभाजन हुआ और मुसलमानों के लिए एक अलग देश पाकिस्तान वना। 1971 में पाकिस्तान का भाषा और संस्कृति के आधार पर एक और विभाजन हुआ तथा एक नया देश

वांग्लादेश वना। इन तीनों देशों की भाषा, संस्कृति और जीवन में असंख्य समानताओं के वाद भी धार्मिक आधार पर आंकड़े भारत और अन्य देशों की व्यवस्थाओं में गहरा अंतर बताते हैं। पाकिस्तान को ईसाइयों के लिए सबसे खराव देश माना गया है वहीं हिन्दू और सिखों के लिए पाकिस्तानी जमीन बुरा स्वप्न सावित हुई है।

पाकिस्तान सरकार द्वारा आयोजित 1951 की जनगणना के अनुसार, पश्चिमी पाकिस्तान में करीब डेढ़ फीसद हिन्दू आवादी थी, जबकि पूर्वी पाकिस्तान, जो अव वांग्लादेश है, में साढ़े वाइस

फीसद थी। 1950 के दशक में दुनिया में पाकिस्तान की जनसंख्या की हिस्सेदारी डेढ़ फीसद थी जो 2024 में बढ़ कर सवा तीन फीसद हो गई है। 1950 के दशक में जनसंख्या की दृष्टि से पाकिस्तान 13वें स्थान पर था जो अव पांचवें पायदान पर पहुंच गया है।

यह भी दिलचस्प है कि पाकिस्तान 1971 में विभाजित हो गया था लेकिन इसके वावजूद यहां की जनसंख्या वृद्धि दर में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। हालांकि यह वृद्धि धार्मिक वहुसंख्यकों में हुई जवकि धार्मिक अल्पसंख्यक स्थिर रहे। इसका प्रमुख कारण धार्मिक उत्पीड़न से उपजा पलायन रहा। पाकिस्तान से अलग होकर वना वांग्लादेश भी अल्पसंख्यकों के लिए कब्रगाह सावित हुआ है। वांग्लादेश में 2022 की राष्ट्रीय सरकारी जनगणना के अनुसार, देश में हिन्दुओं का फीसद 2011 में कुल जनसंख्या के 10 फीसद से घट कर 2022 में 8 फीसद रह गया। आंकड़े बताते हैं कि वांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतें यदि हिन्दुओं को निशाना बनाती रहीं तो अगले तीन दशकों में वांग्लादेश में कोई भी हिन्दू नहीं वचेगा। भारत का राष्ट्रवाद उपनिवेशवाद का

विरोधी था, जिसके केंद्र में वहुसंख्यकवाद नहीं, वल्कि वहुलतावाद था। युगों-युगों से भारत के लोकाचार और संविधान में यह वहुलतावाद प्रतिविम्वित हुआ तो अल्पसंख्यकों के लिए खुशहाली और प्रगति का कारण बन गया। वहीं, भारत के पड़ोसी पाकिस्तान और वांग्लादेश ने वहुसंख्यकों की धर्म पर आधारित व्यवस्थाओं को अंगीकार कर धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों को बेरहमी से कुचल दिया। यही कारण है कि भारत में जहां अल्पसंख्यकों की आवादी बढ़ रही है वहीं पाकिस्तान और वांग्लादेश में खत्म होने की कगार पर है। भारत ने अक्सर वांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमलों और उत्पीडन के मामलों पर ध्यान आकर्षित किया है। वांग्लादेश सरकार से अपील की है कि अपने अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करे। भारत की कूटनीति का उद्देश्य वांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा करना, वांग्लादेश सरकार से वातचीत करना और कभी-कभी अंतरराष्ट्रीय दवाव का उपयोग करना रहा है। वांग्लादेश में हिन्दू, वौद्ध और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं नियमित रूप से घटित होती रही हैं। चाहे वे धार्मिक त्योहारों के दौरान हमले हों या फिर भूमि विवाद के कारण उत्पीड़न। इन घटनाओं की पुनरावृत्ति ने सवाल खड़ा किया है कि क्या भारत की कूटनीति इन समस्याओं को रोकने में सक्षम रही है।

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में माना जाता है कि राष्ट्रीय राज्य केवल राष्ट्रीय हितों को बनाए रखने के लिए कार्य करते हैं। इसलिए मानवीय संवेदना और करुणा के आधार पर हस्तक्षेप नहीं करते। हालांकि नैतिक आधार पर हस्तक्षेप को औचित्यपूर्ण ठहराया जा सकता है। विश्व में मानवीय नरसंहार को रोकने के लिए राजनीतिक हस्तक्षेप के अनेक उदाहरण हैं। वांग्लादेश में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यक समूहों के नरसंहार को लेकर भारत की प्रतिक्रिया पड़ोसी देशों में कड़ी और भय उत्पन्न करने वाली होनी चाहिए। अंततः भारत को समझना होगा कि पड़ोसी देशों में धार्मिक कट्टरता और अल्पसंख्यकों के दमन के परिणाम भारत की संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों को व्यापक रूप से प्रभावित कर सकते हैं। यह भी सुनिश्चित करना होगा कि पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यक सुरक्षित रहें, चाहे भारत युद्ध से वचा कर अल्पसंख्यकों की रक्षा करे या युद्ध में विजय प्राप्त करके।

**(लेख में विचार र निजी हैं)**



# अब निगाहें राज्यसभा पर ,ताकि रुतबा बना रहे

रमण रावल



भारतीय राजनीति में अरविंद केजरावील वो शै है, जो किसी एक चाल से,एक बार मिली हार से मैदान नहीं छोड़ती। अभी दिल्ली पराजय के जख्मों से रिसाव जारी है,फिर भी बंदा पंजाब के विधायकों की घेराबंदी कर रहा है। वजह यह नहीं कि ये लोग कांग्रेस में जा सकते हैं,बल्कि वह मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान व राजनीतिक क्षेत्रों को संदेश देना चाहता है कि वह अभी-भी आम आदमी पार्टी का सुप्रीमो है और वह दिल्ली हारा है, हौसला नहीं । हैरत नहीं यदि वह पंजाब से अपने दल के किसी राज्यसभा सांसद से इस्तीफा दिलाकर खुद वहां पहुंच जाये। इस तरह वह भाजपा,कांग्रेस को चुनौती देने के अंदाज में पेश आयेगा कि अब मुकाबला देश के सर्वोच्च सदन में होगा। आम आदमी पार्टी की राजनीति के पन्नों पर अनेक नई इबारतें लिखी जानी शेष हैं,जो यह बतायेगी कि केजरीवाल खामोश होकर बैठ जाने वालों में से नहीं है।

अरविंद केजरीवाल ने इक्कीसवीं सदी में जिस तरह की राजनीतिक संस्कृति का सूत्रपात किया है,वह गहरे अध्ययन का विषय है।जिसमें कोई नीति-नियम,तौर-तरीके तय नहीं हैं। यह तय होता है केजरीवाल की मंशा से कि वह चाहता क्या है ? उनकी हर चाल ढाई घर जैसी होती है, जो दिखती सीधी है,लेकिन मार कहीं और करती है। वे भले ही दिल्ली की जनता द्वारा खारिज कर दिये गये हों, लेकिन वे चुप रहने वालों में से नहीं है। जिसने कोविड की तरह ही प्रत्येक आपदा को अवसर में बदलने और भोली सूरत पर उभरती भाव भंगिमाओं से घोर गलतफहमी की गिरफ्त में ले लेने की अदा वाले इस व्यक्ति ने अपने को कभी दिशाहीन नहीं होने दिया। उसकी निगाह प्रधानमंत्री पद से अभी-भी हटी नहीं है। वह मोहम्मद गोरी की तरह है, जिसने पृथ्वीराज चौहान द्वारा 16 बार परास्त व माफ कर दिये जाने के बावजूद जैसे ही मौका मिला,बंदी बनाकर पृथ्वीराज की आंखें फोड़ दीं।

अब केजरीवाल की कोशिश रहेगी कि वह किसी तरह से राज्यसभा में पहुंच जाये। इससे केजरीवाल के अनेक लक्ष्य सध जायेंगे। एक तो वह मोदी विरोधी अभियान को जारी रख सकता है। राहुल गांधी,गांधी परिवार को भी निशाने पर ले सकता है। सांसद के नाते केंद्र सरकार के कोटे का बड़ा मकान व सासंद तथा पूर्व मुख्यमंत्री के नाते सुरक्षा जारी रह सकती है। विभिन्न समितियों में सदस्य बनकर सरकार को परेशान कर सकता है। अपने पारंपरिक मतदाता वर्ग(मुस्लिम,दलित) के लिये बेजा मांगें उठा कर भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा कर सकता है।

इससे भी बढ़कर आम आदमी पार्टी पर अपनी पकड़ मजबूत बनाये रख सकता है। 11 फरवरी को पंजाब के आप विधायकों की बैठक अपनी इसी मंशा की वजह से बुलाई थी, जिसमें कुछ भी विशेष किया ही नहीं गया। वह तो भगंवत सिंह मान पर भी दबाव की राजनीति का अस्त्र चलाया था, ताकि वे मुगालते में न आ जायें कि केजरीवाल ठंडा होकर बैठ जायेगा। मान ने पंजाब सरकार के विज्ञापन दिल्ली सरकार की तर्ज पर ही तमाम न्यूज चैनल्स और देश भर के अखबारों में दिये ही थे,जो पंजाब की उपलब्धियों के बहाने दिल्ली सरकार को समर्थन के लिये प्रभाव पैदा करने का ही प्रयास था। ताज्जुब है कि ये विज्ञापन अभी-भी राष्ट्रीय चैनल्स पर कमोबेश हर ब्रेक के बाद प्रसारित हो रहे हैं। ये किसी भी राज्य सरकार द्वारा दिये जा रहे विज्ञापनों से कहीं अधिक हैं।

कुछ लोगों को लगता है कि केजरीवाल पंजाब का मुख्यमंत्री बनने की कोशिश कर सकता है, जबकि इतनी नादानी भरा कदम वह नहीं उठायेगा। पंजाब में मान ने सिख समुदाय में जबरदस्त प्रभाव कायम कर रखा है और केजरीवाल किसी कीमत पर उसे कम नहीं करना चाहेगा। पंजाब में 300 यूनिट मुफ्त बिजली और महिलाओं को राहत देने वाली अनेक योजनायें संचालित हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में मान का बोलबाला है। वैसे कहा तो यह जाता है कि पंजाब की सरकार परदे के पीछे से उनकी दूसरी पत्नी गुरप्रीत कौर चला रही है। पहली पत्नी इंदरप्रीत कौर से 2015 में तलाक के बाद 48 वर्षीय मान ने 32 वर्षीय गुरप्रीत से 2022 में शादी की है।पहली पत्नी के पुत्र दिलशान और पुत्री सीरत यूं तो मान के खिलाफ बोलने का कोई मौका नहीं छोड़ते, लेकिन जनता के बीच उनकी आवाज ज्यादा असर पैदा करती नहीं दिखती।

इन सबसे बेखबर मान भी केजरीवाल की तर्ज पर ही मीडिया को भरपल्ले विज्ञापन,उपहार देकर सब कुछ मीठा-मीठा प्रचारित करवाते रहते हैं। ऐसे में केजरीवाल के लिये मान से पंगा लेना कोई समझदारी भरा फैसला नहीं हो सकता। इसीलीये केजरीवाल चाहेगा कि पंजाब के रास्ते राज्यसभा में प्रवेश कर वहां अपने क्रियाकलाप जारी रखे। इसके लिये उसे किसी राज्यसभा सांसद से इस्तीफा दिलाया जा सकता है। वह राघव चड्?ढा से सासंदी छीन भी सकते हैं, उन्हें दल से निष्कासित कर । वे पूरे चुनाव से नदारद रहे हैं और केजरीवाल से दूरी तो लंबे समय से बना ही चुके थे।

केजरीवाल लंबे समय तक इंतजार करने वाले नेता नहीं हैं। आम आदमी पार्टी की राजनीति में अब कई लहरें उठने को बेसब्र हैं। कुछ किनारों से टकराकर लौट जायेंगी, कुछ तिनके-कचरा किनारे पर फेंक जायेंगी तो कुछ किनारों

# आस्था का सैलाब और प्रयागराज की मेजबानी का अद्भुत संगम

## मोनालिसा, आईआईटियन बाबा और साध्वी के कैमिया रोल में दिखी एक मॉडल महाकुम्भ के परिदृश्य से ही नहीं बल्कि समाचारों से भी गायब हैं।

रंजन श्रीवास्तव

सनसनीखेज हेडलाइंस की खोज में लगे टीवी चैनल्स वाले भी ऐसे किसी किरदार की तलाश में नहीं दिख रहे हैं जो उनकी टीआरपी के लिए फ़ास्ट फ़ूड का काम करे। रील बनाने वाले भी किसी बाबा का इंटरव्यू करने तथा उनसे चिमटी की मार खाने के बजाय कुछ गंभीर काम करने में लग गए हैं। कारण है प्रयागराज शहर की सड़कों और महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आस्था का सैलाब खासकर वसंत पंचमी के स्नान के बाद भी प्रयागराज वासियों के लिए भी अप्रत्याशित और आश्चर्यजनक है। सड़कें ही नहीं, गलियों तक में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति है।

बताने की जरूरत नहीं है कि ट्रैफिक जाम की स्थिति क्या है। दो तीन दिनों पूर्व ट्रैफिक जाम ने मध्य प्रदेश सरकार तक को चिंता में डाल दिया था। बहुत से गाड़ियों को वापस लौटाना पड़ा। ट्रैफिक जाम प्रयागराज से लगभग 130 किलोमीटर दूर रीवा ही नहीं बल्कि उसके आगे जबलपुर रोड पर भी देखा गया। लोग 18-20 घंटे तक सड़कों पर अपनी गाड़ियों में फंसे रहे। फिर भी चेहरे पर चिंता या दुःख का कोई भाव नहीं बल्कि उल्टा महाकुम्भ में जाकर वहां पर पवित्र डुबकी लगाने की ख़ुशी।

3 फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर अखाड़ों के अंतिम शाही स्नान के बाद प्रयागराज शहर के निवासियों को आशा थी कि जनजीवन सामान्य हो जायेगा। किसी भी शहर में अगर वहां की आबादी से कई गुना लोग बाहर से लगातार आते रहें और वो भी सिर्फ एक दो दिन नहीं बल्कि लगातार दो हफ़्तों से ज्यादा तो शहर के लोगों की परेशानी को समझा जा सकता है चाहे वह ट्रैफिक जाम की समस्या हो, सड़क पर ट्रैफिक पर बंदिशों की या स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी या ऑफिस जाने में समस्या, खाने पीने की चीज़ों की उपलब्धता की समस्या या मंहगाई, बेहद बढ़ा हुआ स्थानीय परिवहन का किराया अन्य कुछ और।

अमूमन कुम्भ के समय भी मौनी अमावस्या का स्नान मेला का शिखर स्नान माना जाता है तथा शहर के लोग यह मानते हैं कि अब मेला में बाहर के लोग कम आएंगे और प्रयागराज और आसपास के जिलों के लोग ज्यादा रहेंगे। पर 6 फ़रवरी को आस्था का एक और सैलाब प्रयागराज के सड़कों पर दिखा। चूँकि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का कुम्भ मेला में आने का कार्यक्रम 5 फ़रवरी को था इसलिए यह आशा थी कि प्रधान मंत्री के लिए पुलिस के अतिरिक्त बंदोबस्त तथा ट्रैफिक पर अतिरिक्त बंदिश




की वजह से 4 और 5 फ़रवरी को कम लोग कुम्भ मेला आएंगे पर 6 फरवरी को इतनी भीड़ हो जाएगी यह किसी ने सोचा नहीं था। पर यह सिर्फ एक शुरुआत थी। उसके बाद भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में लगातार आते रहे। इनमे से बहुत से लोग सड़क मार्ग से आ रहे थे।

दक्षिण भारत के राज्यों की बहुत सी गाड़ियां सड़कों पर देखी गयीं। प्रयागराज के वरिष्ठ समाजसेवी महेश प्रताप सिंह का मानना है कि श्रद्धालुओं के सैलाब के पीछे सबसे बड़ा कारण है इस महाकुम्भ के आयोजन का संयोग 144 वर्षों के बाद होना जैसा कि शुरू से ही प्रदेश सरकार ने लोगों को बताया। पर इस बात कर श्रेय प्रयागराज के लोगों को भी जाता है कि परेशानी के बावजूद अगर प्रयागराज के लोग सड़कों पर आये तो श्रद्धालुओं की सेवा करने और उनकी परेशानियों को दूर करने के लिए। भगदड़ के दिन भी और बाद में भी मस्जिदों तक ने अपने दरवाजे श्रद्धालुओं के लिए खोलकर तथा उनके लिए भोजन और रहने का प्रबंध करके प्रयागराज की गंगा जमुनी तहजीब का अद्भुत मिसाल दिखाया जिसकी पुरे देश में चर्चा हुई। सोहबतियाबाग, कीडगंज, अलोपीबाग, रामबाग, लीडर रोड, चौक, लोकनाथ, कोतवाली, अतरसुइया, करेली, रेलवे स्टेशन, सिविल लाइन्स तथा अन्य बहुत से क्षेत्रों में स्थानीय दुकानदार तथा विभिन्न समितियों ने श्रद्धालुओं के लिए रहने और खाने का प्रबंध किया।

फेसबुक पर अंकुर हॉस्पिटल, बमरौली के डॉ राजीव श्रीवास्तव, उनकी पत्नी डॉ अरुणिमा और पूरा परिवार तथा कर्मचारी श्रद्धालुओं के बीच नाश्ता बांटते दिखे। गुलशन अरोरा तथा उन जैसे कई लोगों ने श्रद्धालुओं को अपने दोपहिया वाहनों पर रेलवे स्टेशन से मेला क्षेत्र निःशुल्क ले जाने जैसे सेवा का व्रत लिया हुआ था। बच्चों के लिए दूध कर प्रबंध करते भी लोग दिखे। ओल्ड सिटी निवासी प्रयागराज के बिजनेसमैन रविंद्र कुमार नायर जो राना नायर के नाम से जाने जाते हैं तथा प्रसिद्ध टीवी एक्टर मुदित नायर के पिता हैं, कहते हैं कि सेवा का भाव प्रयागराज के संस्कृति का अभिन्न अंग है। अगर प्रयागराज को तीर्थों का तीर्थ कहा जाता है तो इसमें गंगा, यमुना और सरस्वती जैसे पवित्र नदियों तथा इनके संगम के अतिरिक्त सदियों से यहाँ के निवासियों के धार्मिक और पवित्र सेवा भाव का भी उतना ही योगदान है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# अनूपपुर के कृषि विभाग में करोड़ों का घोटाला, 6 अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

## किसानों को दिए जाने वाले उपकरण और सामग्री दिए बिना ही उसकी राशि का गबन!

**रीवा।** ईओडब्ल्यू रीवा ने अनूपपुर के कृषि विभाग में हुए 2 करोड़ से ज्यादा के घोटाले के मामले में एफआईआर दर्ज की। ईओडब्ल्यू ने अनूपपुर में पदस्थ उप संचालक कृषि विभाग सहित 6 अधिकारी और अन्य के खिलाफ आर्थिक अपराध की विभिन्न धाराओं के तहत भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है।

आरोप है कि कृषि विभाग के अधिकारियों ने जिले के कई विकास खंडों के किसानों के साथ धोखाधड़ी की। किसानों को दिए जाने वाले उपकरण और सामग्री दिए बिना ही उसकी राशि निकाल ली। शिकायत मिलने के बाद प्रकरण की जांच गई। जांच के बाद 2 करोड़ 29 लाख 09 हजार 972 रुपए की राशि गबन करना पाया गया। इसके बाद एफआईआर दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू की गई।

ईओडब्ल्यू रीवा शाखा ने जानकारी देते हुए बताया कि अनूपपुर जिले के उप संचालक कृषि विभाग द्वारा आत्मा परियोजना के अंतर्गत अनूपपुर जिले के जैतहारी, अनूपपुर और पुष्पराजगढ़ के किसानों को कम्पोस्ट खाद, मल्टी टूल



फ्रेम, उन्नत हसिया, बर्मी बेड, वायो इनोकुलेंट जैसे सामान वितरित किए जाने थे। लेकिन, इन उपकरणों को बांटा नहीं गया। अधिकारियों ने इन सामानों की शासकीय राशि का आहरण कर गबन कर लिया।

रीवा ईओडब्ल्यू एसपी अरविंद कुमार ठाकुर ने बताया कि मामले की शिकायत मिलने के बाद एक टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा जब मामले में छानबीन की गई, तो मामला सही पाया गया। जांच में उप संचालक कृषि परियोजना संचालक आत्मा परियोजना के एनडी गुप्ता एवं उनके अन्य सहयोगियों ने 2 करोड़ 29 लाख से ज्यादा की शासकीय राशि का गबन एवं भ्रष्टाचार करना पाया। भ्रष्टाचार में शामिल 6 अधिकारियों सहित अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत 420, 467, 468, 471 सहित अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई।

अनूपपुर जिले में पदस्थ एनडी गुप्ता उप संचालक कृषि परियोजना संचालक आत्मा परियोजना अधिकारी, निशा सिंह उप परियोजना संचालक, वर्षा त्रिपाठी सहायक संचालक, एसके शर्मा जिला प्रबंधक मध्य प्रदेश कृषि उद्योग विकास निगम, तत्कालीन वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी, पुष्पराजगढ़, प्रोपाइटर सील बायोटेक लिमिटेड दिल्ली सहित अन्य के खिलाफ धारा 120 बी, 409,420, 467,468, 471 के तहत भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम ईओडब्ल्यू ने अपराध पंजीबद्ध किया है।

## महाकुंभ पहुंचे बैतूल के श्रद्धालुओं का वाराणसी में एक्सीडेंट

**बैतूल ।** महाकुंभ गए श्रद्धालुओं का वाराणसी में एक्सीडेंट हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक बैतूल के समीप ग्राम महदगांव निवासी सृष्टि स्कूल के प्राचार्य महेश पाठा गांव के अन्य चार लोगों के साथ अपने निजी वाहन से महाकुंभ गए थे। बीती रात प्रयागराज जाते समय वाराणसी के पास जाम में उनकी कार फंस गई सामने खड़े एक ट्रक ने रिवर्स में उनकी वेन को ठोस मार दी जिससे जीप में सवार बैतूल निवासी पंडित महेश बड़ोसकर गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हे वाराणसी के छाया अस्पताल में भर्ती किया गया है । वही महेश पाठा रामदास परिहार और और अन्य लोगों को मामूली चोट लगी है। सभी सुरक्षित है। सृष्टि स्कूल खेड़ी के संचालक प्राचार्य महेश पाठा ने वाराणसी से फोन पर बताया की बैतूल के युवक की हालत गंभीर थी लेकिन उपचार अच्छा मिल गया वह भी जल्द ही स्वस्थ हो जाएगा।

## 5 फीट ऊंची अगरबत्ती श्री श्री बूढ़ी माता के समक्ष प्रतिदिन प्रज्वलित की जा रही है

**इटारसी ।** रामनगर न्यूयार्ड निवासी सोनी परिवार के द्वारा



अहमदाबाद से 5-5 फीट की विभिन्न कलर एवं सुगंध की अगरबत्ती श्री शत चंडी महायज्ञ के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर श्री बूढ़ी माता के समक्ष प्रतिदिन प्रज्वलित की जा रही है। सोनी परिवार के स्वतंत्र सोनी एवं लखन सोनी संतोषी माता मंदिर के पास रामनगर न्यू यार्ड बालो द्वारा माताजी की सेवा में अहमदाबाद से लाई हुई 5 फुट की अगरबत्ती 6 फरवरी से निरंतर प्रज्वलित कर रहे हैं। मंगलवार तक नो अगरबत्ती प्रज्वलित कर चुके हैं। बुधवार की दो अगरवत्ती मिलाकर ग्यारह अगरबत्ती हो जावेगी। उनके पास चार फ्लेवर में अगरबत्ती है। मोगरा, चंदन , गुलाब, केवड़ा, माता जी की सेवा में निस्वार्थ बिना शुल्क के अगरबत्ती अर्पित कर रहे हैं। मंदिर समिति के सचिव श्री जगदीश मालवीय ने उनका आभार व्यक्त किया।

## श्रीराम कथा प्रारंभ, निकली भव्य कलश यात्रा, राममय हुआ नगर

**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** सामूहिक महिला भजन मंडल के तत्वावधान में बुधवार 12 फरवरी माघ पूर्णिमा के पुण्य मुहूर्त पर नगर में श्रीराम कथा का आयोजन प्रारंभ हुआ। यह नौ दिवसीय आयोजन प्रसिद्द कथावाचक पंडित सदभव तिवारी के सानिध्य में प्रारंभ हुआ।



श्रीराम कथा का श्रवण समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।आयोजन का शुभारंभ कलश यात्रा से किया किया गया, जिसमें लगभग 100 पीतवस्त्रधारी माताएं बहने कलश धारण कर सम्मिलित हुई, यात्रा श्री राम मंदिर से प्रारंभ हो कर मुख्य मार्गो से गुजरती हुई कथा स्थल पुरानी कन्या शाला पहुंची। जहां व्यासपीठ स्थापना के साथ कथा प्रारंभ हुई।कथा के तारतम्य में पावन आकर्षण 15 फरवरी शाम को 7 बजे भजन संध्या का आयोजन भी है जिसमें सुप्रसिद्ध बाल भजन गायिका बहनें आहना कृष्ण पाठक, सुदीक्षा पाठक एवं श्लोका पाठक अपने पिता कृष्णगोपाल पाठक के साथ देश भर में चर्चित अपने कार्यक्रम सबके राम सबमें राम की प्रस्तुति देंगीं। आयोजन कर्ता सामूहिक महिला भजन मंडल के साथ व्यापारी महासंघ एवं समस्त नगरवासियों ने कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, आयोजक मंडल ने इस नौ दिवसीय मानस वर्षा में एवं भजन संध्या में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## संत शिरोमणि रविदास का जन्मदिवस बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया

**औबेदुल्लागंज (संवाददाता )।** वार्ड नंबर 10 अर्जुन नगर के गुरुद्वारा संत संतोख सिंह जी भजनगढ़ मै,, संत रविदास जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लाहस से मनायी गई इस अवसर पर गुरुद्वारे में दिन के 11-00 बजे से भजन कीर्तन आरंभ हुआ जिसमें हरियाणा के रागीजत्था अजीत सिंह ने अपने भजन गीतो से संगतौं को निहाल किया, वही कथाकार जगजीत सिंह ( जीते भैया ) ने संत शिरोमणीं रविदास जी के



जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मन चंगा तो कटोती में गंगा का उदाहरण देकर समूह संगतों को निहाल किया, कथाकार ने संत रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमको भी संत जी के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए,, तभी अपना मानव जीवन सफल होगा कथा के पश्चात गुरुद्वारा के वजीर भगवान सिंह ने 1,00 बजे अरदास करने के बाद ,प्रसाद वितरण एवं गुरु का अटूट लंगर ( प्रसाद ) बांटा गया संत रविदास जयंती कार्यक्रम मे विशेष रूप से सुरजीत सिंह बिल्लै, रघुवीर सिंह, कबीर पंथी बाबा साहब ,बलवीर सिंह , जसवीर नायक ,कल्लू नायक,मनजीत, सुभाष गौर, गंगाराम साहू , आदि सहित बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी बंधु सहित माताऐ बहने उपस्थित थी वहीं बाल गोपल एवं नोनीहाल बच्चों में भी अति उत्साह देखा गया !

## अखिल भारतीय मुशायरे व कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ

**आष्टा।** स्थानीय पुराना बस स्टैंड पर बज्मे अदब कमेटी आष्टा द्वारा



विशाल अखिल भारतीय मुशायरे व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसमें देश के नामी शायर और कवियों ने अपनी प्रस्तुति दी। मुख्य रूप से शायर मंजर भोपाली,अंजुम रहबर, हामिद भुसावली,सहित कई शायरो ने अपने कलाम पड़े।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री श्री सज्जन सिंह वर्मा,विशेष अतिथि महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष नूरी खान,थे।कार्यक्रम में कमेटी अध्यक्ष फैज उद्दीन,तौसीफ उद्दीन,नफीस शाह,शादाब अली,अरबाज खान,खालिद पठान, संरक्षक जाहिद गुड्डु,ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में घनश्याम जांगड़ा,हरपाल ठाकुर,कमल सिंह पहलवान,जितेंद्र शोभाखेड़ी,गुलाब बाई ठाकुर,महेश मुंडीखेड़ी,अरविंद सेमलीबारी, सुनील कटारा, कमल सिंह चौहान,सहित हजारों की संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे।

## थाना सिविल लाईन पुलिस ने चोरी हुए 5 नग पशु बरामद कर 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार, प्रयुक्त पिकअप वाहन जप्त

**छतरपुर ।** दिनांक 8 फरवरी को फरियादी राजेश गोस्वामी निवासी ग्राम बुदौर थाना मातगुवां की गणेश कॉलोनी खाली मैदान में चर रही 5 नग पशु भैंस(पड़िया) की चोरी संबंधी रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन में भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था।




थाना सिविल लाईन पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर क्षेत्र में मूवमेंट करने वाले संदेहियों की जानकारी एकत्रित किया। एकत्रित जानकारी के अनुसार संदेहियों से पूछताछ की गई, पशु चोरी करना स्वीकार किया गया। चोरी करने वाले 4 पशु चोर आरोपी

1. मो. ताजुद्दीन पिता मो. शाबिर नि. ढपलाना थाना कोतवाली जिला महोबा,

2. जगदीश यादव पिता बिट्टू यादव नि. पठापुर रोड थाना कोतवाली छतरपुर,

3. मो. मौसम पिता अब्दुल मजीद नि. कसौडा टौरी थाना कोतवाली जिला महोबा,

4. अफजल मोहम्मद पिता मो. यासीन नि. समदनगर थाना कोतवाली महोबा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के पास से चोरी की गई 5 नग भैंस (पड़िया) एवं प्रयुक्त पिकअप वाहन कीमत करीब 10 लाख रुपए बरामद की गई। अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक वाल्मीकि चौबे, उनि ओशो गुप्ता, प्रधान आरक्षक राजू वर्मा, जयवेदी, हरचरण, आरक्षक हरेन्द, पुष्पेन्द, धर्मेन्द चतुर्वेदी, साइबर से आरक्षक धर्मराज, मयंक की अहम भूमिका रही।

### अनजान लिंक पर क्लिक न करेंः एस पी

## सेफ क्लिक सायबर जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक संपन्न

**दैनिक सांध्य प्रकाश बैतूल।** अभियान प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस जेएच कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साइबर पर जागरूक किया एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ मीनाक्षी चौबे के संरक्षण जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोपाल प्रसाद साहू के मार्गदर्शन में और एसपी निश्चल झारिया,



एडिशनल एसपी कमला जोशी, महिला बाल विकास गौतम अधिकारी, साइबर सेल अधिकारी अश्विनी चौधरी, दीपेंद्र सिंह के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस मौके पर एसपी ने बताया कि साइबर क्या होता है एवं उसे कैसे बचा जा सकता है और एडिशनल एसपी ने बताया कि सेफ क्लिक क्या होता है। हमें और समाज में लोगों को जागरूक करना है। उन्होने कहा कि जिससे कोई भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और कोई भी फ्रॉड कॉल आने पर आप तुरंत साइबर सेल नंबर 1930 पर कॉल करके सूचित करें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ स्वयंसेवक अंजली नागोरे, आयुष घिंडोडे, अक्षय मालवी, आयुष नागोरे, इश्तियाक अली, दीपाली गायकवाड, पलक राजगौड, कामिनी खवसे, कीर्ति अडलक, खुशी पारखे,पार्थ पिंपलापुरे, आकाश दुबे, नितीन पवार, दयाराम सिरसाम, हेमा रैकवार अनुज धुर्वे, दुर्गा प्रसाद मोरले, तनिष्क चौकीकर पूजा कापसे स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा।

## घरेलू गैस सिलेंडरों का खुलेआम व्यावसायिक उपयोग

### प्रशासन की लापरवाही एवं अनदेखी से बढ़ रहा खतरा

**मंडला/अजीत पटेल।** जिले में हॉटल,रेस्टोरेंट्स एवं अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों तथा बजारो पर खुलेआम शासन-प्रशासन की नियमावली की धज्जियां उड़ाई जा रही है जिसका मुख्य जिम्मेदार प्रशासन तथा कुर्सी पर बैठे लापरवाह एवं भ्रष्टाचारी अधिकारी हैं। सत्ता पर बैठी सरकार एवं उसके नुमाइंदे आये दिन मंचों पर माइक मिलते ही एक ही वादा एवं आश्वासन जनता को दे-दे कर लुभाने में जुटी हुई है घरेलू गैंस की कीमत करेंगे,परन्तु यह आश्वासन को सुनते आज वर्षो बीत गई लेकिन कीमत पर जूं तक नहीं रेंगी, वहीं दूसरी ओर शासन की ओर जनता को दिया जाना वाला सब्सिडी सुनकर लोगों को हंसी आती है कि सरकार द्वारा पांच रुपए की सब्सिडी दी जाती है।

**घरेलू गैंस सिलेंडरों का बजारों में खुलेआम उपयोग से होने वाले घटना का जिम्मेदार कौनः** बजारों में व्यवसायिक स्तर पर खुलेआम शासन-प्रशासन की नाक के नीचे घरेलू गैस सिलेंडरों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है।यह न केवल नियमों का उल्लंघन है,बल्कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी गंभीर खतरा पैदा कर रहा है।हैरानी की बात यह है कि संबंधित विभाग इन गतिविधियों पर ध्यान नहीं दे रहा,जिससे यह समस्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। वहीं प्रशासन की इस नजर अंदाज रवैए एवं लापरवाही लोगों के बीच सुरक्षा को लेकर बड़ा खतरा पैदा कर दिया है।घरेलू गैंस सिलेंडर व्यावसायिक उपयोग के लिए डिज़ाइन नहीं किए गए हैं।इनका लगातार उपयोग गैस रिसाव और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ाता है।विशेषज्ञों का मानना है कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में ऐसी लापरवाही किसी बड़ी घटना को न्योता दे सकती है,परन्तु विभाग की चुप्पी साधने से स्वयं वह सवालों के घेरे में लिपटते जा रही है। वहीं लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग को इस मुद्दे पर शिकायत दर्ज कराई,लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।यह विभागीय उदासीनता कहीं न कहीं इस गैरकानूनी गतिविधि को बढ़ावा दे रही है।मामले को




लेकर जब जिम्मेदारों से बात की गई,तो उन्होंने जवाब देने से बचते हुए कहा कि जल्द ही निरीक्षण किया जाएगा और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। जहां वर्षो से उक्त मामला अनुसार खुलेआम घरेलू गैंस सिलेंडरों का व्यवसायिक स्तर पर उपयोग किए जाने के बावजूद जिम्मेदारों द्वारा जांच की बात की जा रही है, ऐंसें अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह लापरवाही किसी बड़ी त्रासदी का कारण बन सकती है।क्या प्रशासन अभी जागेगा,या कोई बड़े हादसे का इंतजार कर रही है,यह सवाल हर नागरिक के मन में है।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद ने बागेश्वर धाम में शास्त्री से मुलाकात कर प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों का लिया जायजा

**छतरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा बुधवार को संत रविदास जयंती के अवसर पर राजनगर में संत रविदास मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में




शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सामाजिक समरसता का अभियान चला रही है, संत रविदास जी ने यह काम शताब्दियों पहले किया था। उन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से देश और समाज को एक सूत्र में बांधने का काम किया। आज उनकी जयंती पर हम सभी उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संत रविदास जयंती के अवसर पर मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है, इसलिए आज का दिन हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इस शुभ अवसर पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जिस तरह सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का नारा दिया है, संत रविदास जी ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से यह करके दिखाया था कि किस तरह हर समाज को साथ लेकर चला जा सकता है। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने अपनी कविताओं के माध्यम से समाज को जगाने और दिशा देने का काम किया। हमारे देश पर जब आततायियों ने हमले किए, जब हमारे धर्म और संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास किया गया।

### ब्रेन चाइल्ड एकेडमी का वार्षिकोत्सव उड़ान 2025 धूमधाम से संपन्न

## वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा हुए शामिल

**मण्डला/अजीत पटेल।** ब्रेन चाइल्ड एकेडमी स्कूल में वार्षिक उत्सव उड़ान 2025 का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ किया गया।यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की अद्भुत



प्रतिभा,सांस्कृतिक धरोहर और देशभक्ति की भावना का उत्सव था, जिसमें विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई।इसके पश्चात मुख्य अतिथि मंडला कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा का विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के साथ भव्य स्वागत किया गया।अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए और अभिभावकों को सकारात्मक और सहयोगी अभिभावक बनने की सलाह दी।उनकी प्रेरणादायक बातें सभी के लिए उपयोगी और मार्गदर्शक रहीं।

मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ के साथ कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी कला और नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया।स्वागत गीत के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का शुभारंभ हुआ,जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।देश की विविधता को समेटे अतुल्य भारत की लोक संगीतमाला में विभिन्न प्रांतों की लोकसंस्कृति की झलक देखने को मिली।वहीं भगवान गणेश वंदना ( डांस फ्यूजन ) ने आध्यात्मिकता का रंग बिखेरा।संगीत और नाटक का सुंदर समावेश 2024 में भारत की उपलब्धियों पर सूफियाना कव्वाली में देखने को मिला,जिसने दर्शकों को देश की प्रगति पर गर्व करने का अवसर दिया।इसी क्रम में महाकुंभ 2025 आस्था और आध्यात्म का संगम नृत्य-नाटिका ने भारतीय परंपराओं की भव्यता को मंच पर जीवंत कर दिया।भारतीय सिनेमा के महान शोमैन राज कपूर की जन्मशती को समर्पित एक विशेष नृत्य प्रस्तुति भी हुई, जिसमें उनके योगदान को श्रद्धांजलि दी गई।इसके बाद वाघा बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी का शानदार मंचन हुआ,जिसमें विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने अपने अद्भुत प्रदर्शन से दर्शकों में देशभक्ति का जोश भर दिया।पौराणिक कथाओं पर आधारित लव-कुश रामायण राग और शक्ति स्वरूप नृत्य ने भारतीय संस्कृति और नारीशक्ति की महत्ता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।मस्ती और मूव्सएवेंजर्स-विश्व के रक्षक जैसी आधुनिक प्रस्तुतियों ने युवाओं को भी भरपूर मनोरंजन प्रदान किया।वहीं रिदमिक रंबल ( संगीतात्मक प्रस्तुति ) ने दर्शकों को संगीतमय वातावरण में सराबोर कर दिया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शारीरिक प्रधान एवं गुणवक्ता पूर्ण पथ संचलन कार्यक्रम संपन्न




**दमोह ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दमोह का शारीरिक कार्यक्रम एवं गुणवत्ता का कार्यक्रम शहर के एक्सीलेंस ग्राउंड में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से मंच पर जागेश्वर ताम्रकार प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख, अश्विनी नामदेव जिला संघ चालक, डॉक्टर विक्रांत चौहान नगर संघ चालक एवं समाज के बंधु एवं भगिनी उपस्थित रहे सर्व प्रथम नगर के स्टेडियम ग्राउंड से पथ संचलन निकाला गया जो कि किल्लाई नाका, शिशु मंदिर होते हुए एक्सीलेंस ग्राउंड में आया इसके बाद जिले एवं नगर आए हुए स्वयं सेवकों द्वारा समता, दंड, नियुद्ध, योग, का प्रदर्शन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जागेश्वर ताम्रकार द्वारा समाज को संबोधित किया

### आज दमोह जिला का शारीरिक प्रधान कार्यक्रम एवं गुणवत्ता पूर्ण संचालन हुआ

जैसा कि हम सब को पता है हम संघ के सौ बे वर्ष में प्रवेश कर चुके है डॉक्टर साब भगीरथ के रूम में गंगा रूपी संघ को हमारे बीच लाए डॉक्टर साहब ने पढ़ाई के लिए कलकत्ता को ही क्यों चुना बहुत सारे लोग प्रश्न करते है कि संघ का क्या योगदान है सबको इतिहास पढ़ना चाहिए कि अभिनव पद्धति का ध्यान किया और संघ की शाखा का निर्माण हुआ समाज कहता था आप 35 साल के डॉक्टर है और आप 14,15 साल के बच्चों के साथ खेल रहे आप क्या करना चाहते है आज जो कार्यक्रम में संचलन हुआ, दंड का प्रयोग हुआ, योग हुआ, नियुद्ध हुआ, आपके मन में विचार आता होगा कि ये स्वयंसेवक कही पुलिस सेना में काम करने वाले है क्या ,ये सब शाखा का विचार है और संघ क्यों कर रहा है देश के लिए समाज के लिए करता है डॉक्टर साहब ने समाज को संगठित करने का कार्य अपने हाथ में लिया विचार आता है कि अमर देश गुलाम क्यों हुआ जो ये अकेले चलने का भाव है हम सब से अकेले चले हमने अपना स्वतंत्र विचार बनाया जो ये अकेले पन की पीड़ा है ये हमारे समाज के लिए घातक है और शाखा हमारा अभिनव तंत्र है और शाखा के माध्यम से कार्यकर्ता निर्माण होते है समाज संघ के कार्यक्रम को लेकर संतुष्ट हो जाता है जो भी करेगा संघ करेगा लेकिन संघ की भी समाज से अपेक्षा है कि आप भी समाज कल्याण में सहभागी बने संघ हिंदुत्व को ले कर कार्य करता है तो कुछ लोगों को तकलीफ होती है कुछ लोग मतांतर करा रहे है भारत को तोड़ने का काम कर रहे है शताब्दी वर्ष में हम सब स्वयंसेवक संघ की शाखाओ को बढ़ाएंगे, और समाज परिवर्तन का कार्य करेंगे परिवार समाज हमारे सभी लोग इस समाज कार्य में लगे तभी भारत को परम वैभव के शिखर पर जाएगा और यह सभी धर्म के संरक्षण में करेंगे, साथ में हमे समरसता की भावना के साथ समाज को आगे ले जाना होगा, पर्यावरण का संरक्षण भी समाज को आगे आ कर करना होगा, आज समाज में देखा जा रहा है कि परिवार टूट रहे है उनको एक जुट कर के कुटुंभ को बढ़ाना होगा, हमें अपने जीवन में नागरिक कर्तव्यों का पालन करना होगा, और जीवन में स्वदेशी अपनाना होगा और इस कार्य को करने के लिए हमें आयेय शक्ति चाहिए।

## नायसस फाइनेंस ने मुंबई रिडेवलपमेंट परियोजना में इन्वेस्टमेंट से लगभग 21 प्रतिशत आईआरआर पर निकासी की

**मुंबई एजेंसी।** नायसस फाइनेंस सर्विसेज को लिमिटेड (बीएसई - नायसस 7 544296 7), जो अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर और स्ट्रक्चर्ड फाइनेंस सेवाओं में विशेषज्ञता रखने वाली एक प्रमुख निवेश प्रबंधन फर्म है, ने मुंबई के एक सेल्फ-रीडेवलपमेंट हाउसिंग प्रोजेक्ट में अपने निवेश से सफलतापूर्वक बाहर निकलते हुए लगभग 21 प्रतिशत का प्रभावशाली आंतरिक प्रतिफल दर हासिल किया है। नायसस फाइनेंस सामरिक रूप से 22 करोड़ का निवेश मुंबई के पेस्टोम सागर, घाटकोपर स्थित एक सेल्फ-रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट में किया था। इस प्रोजेक्ट के लिए त्रिलॉजी डेवेलपर्स ने विकास प्रबंधक के रूप में कार्य किया।2022 के अंत में, नायसस फाइनेंस ने एक आवासीय सोसाइटी द्वारा किए गए सेल्फ-रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट में पहली बार संस्थागत निवेश किया। यह प्रोजेक्ट, विश्वासंगम, घाटकोपर के पेस्टोम सागर क्षेत्र में दो पड़ोसी सोसाइटियों द्वारा एक किफायती सेल्फ-रीडेवलपमेंट पहल है। 2022 में, ट्रायलॉजी डेवलपर्स की परियोजना पहली सोसायटी सेल्फ-रीडेवलपमेंट पहल बनी जिसमें नायसस फाइनेंस ने इन्वेस्टमेंट किया। इस परियोजना में ट्रायलॉजी ने डेवलपमेंट मैनेजमेंट (डीएम) पार्टनर के रूप में कार्य किया। परियोजना में दो सोसायटियों का एकल विकास में विलय किया गया, जिसमें दो मंजिलें व्यावसायिक दुकानों की और सत्रह मंजिलें आवासीय अपार्टमेंट्स की थीं। यह निवेश कई वर्षों की पूर्ण अवधि के लिए संरचित किया गया था, जिसके दौरान नायसस फाइनेंस ने वित्तीय समर्थन के साथ-साथ रणनीतिक सहायता भी प्रदान की।

## कैप्टन पॉलीप्लास्ट का क्यू3 एफवाय25 समेकित शुद्ध लाभ 35 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई एजेंसी।** कैप्टन पॉलीप्लास्ट लिमिटेड , जो माइक्रो इरिगेशन समाधानों के प्रमुख निर्माता और निर्यातक में से एक है, ने अपने संचालन को बढ़ते हुए सोलर ईपीसी और पॉलिमर बाजारों में भी विस्तारित किया है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (क्यू3 एफवाय25) के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कैप्टन पॉलीप्लास्ट लिमिटेड के होल टाइम डायरेक्टर श्री रितेश खिचड़िया ने टिप्पणी करते हुए कहा, हम अपने क्यू3 एफवाय25 के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं, जो स्थिर विकास और बेहतर लाभप्रदता को दर्शाता है। हमने कंपनी के इतिहास में सबसे उच्च तिमाही राजस्व 90.90 करोड़ हासिल किया है, जो हमारे सूक्ष्म सिंचाई और सोलर इपीसी व्यवसाय द्वारा संचालित किया गया है। एमआइएस व्यवसाय में, हमें कुछ महत्वपूर्ण राज्यों से बेहतर मांग देखने को मिली है, जो क्यू4 में भी जारी रहने की उम्मीद है। सौर इपीसी व्यवसाय में, हम प्रधानमंत्री सूर्या घर योजना के तहत तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में पंजीकरण कराने में सफल रहे हैं, जिससे अब परियोजना में हमारे अस्तित्व वाले राज्यों की संख्या 6 हो गई है।

## एआर दिवस पर धमाका: वैश्विक एआर पावरहाउस बना स्नैप इंडिया !

**मुंबई, एजेंसी।** स्नैप इंक ने मुंबई में आयोजित दूसरे वार्षिकइंडिया एआर डेकार्यक्रम डिजिटल वास्तविकता( एक ऐसी तकनीक जो हमारी असली दुनिया में डिजिटल चीजें जोड़कर उसे और रोचक बना देती है, जैसे मोबाइल कैमरा से दिखने वाले दृश्य में डिजिटल इफेक्ट्स या जानकारी जोड़ना।) की बदलाव लाने वाली शक्ति को प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम में दिखाया गया कि कैसे कंपनीएआर तकनीकके जरिए भविष्य को आकार देने, रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और खासतौर पर भारत के उभरते हुए डेवलपर समुदाय के लिए एक समृद्धइकोसिस्टमतैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। स्नैप इंक केसीटीओ बॉबी मर्फीने भारत मेंएआर इनोवेशनके जरिए रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा, स्नैप एआर का मकसद रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाला एक मंच बनाना है।

## 2025 तक 20,000 शिक्षकों को सशक्त बनाने के लिए सैमसंग का अनूठा पहल - गैलेक्सी एम्पावर्ड

**नई दिल्ली, एजेसी।** भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गैलेक्सी एम्पावर्ड नामक एक अनूठे सामुदायिक कार्यक्रम की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र में शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और प्रशासकों को सशक्त बनाकर भारत में शिक्षा को नई दिशा देना है। दिग्गज निशानेबाज और 2008 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा की मौजूदगी में शुरू किए गए इस कार्यक्रम का मकसद शिक्षण में तकनीक को शामिल कर नवाचार को बढ़ावा देना और शिक्षा में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना है। यह पहल शिक्षकों को भविष्य की कक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए नियमित ऑन-ग्राउंड और ऑनलाइन शिक्षण सत्र प्रदान करेगी।

# क्या मप्र में सिनेमा को बढ़ावा देगी नई फ़िल्म पर्यटन नीति?

**विनोद नागर ( वरिष्ठ फ़िल्म समीक्षक )**









मध्य प्रदेश सरकार ने सिनेमा और पर्यटन को एक दूजे का पूरक मानते हुए अपनी मौजूदा फ़िल्म पर्यटन नीति को नये सिरे से परिभाषित करने की कवायद की है। प्रदेश को फिल्म पर्यटन अनुकूल राज्य बनाने के उद्देश्य से इस परिष्कृत फिल्म पर्यटन नीति-2025 को मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में मंजूरी दी गई।

कहा जा रहा है कि परिमार्जित नीति से राज्य में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। स्थानीय प्रतिभाओं और फ़िल्म निर्माताओं को इसका समुचित लाभ मिले, इसका ध्यान भी नई नीति में रखा गया है। ख़ास तौर पर मालवी, निमाड़ी, बुंदेलखंडी और बघेलखंडी जैसी आंचलिक बोलियों सहित गोंडी, भीली और कोरकू जैसी स्थानीय जनजातीय बोलियों में फ़िल्म निर्माण को बढ़ावा देने की सार्थक पहल पहली बार की गई है। अब यह स्थानीय फ़िल्मकारों पर निर्भर करेगा कि वे नये प्रावधानों का लाभ उठाने के लिये आगे आएँ। क्योंकि इस श्रेणी में फ़िल्म निर्माण के लिये कुल लागत के 10 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा नारी केन्द्रित फ़िल्मों और बच्चों के लिये बनाई जाने वाली बाल फ़िल्मों को प्रोत्साहित करने के लिये भी आवश्यक वित्तीय अनुदान स्थानीय फ़िल्म निर्माताओं को प्राथमिकता के आधार पर मिल सकेगा।

क्षेत्रीय भाषाओं में फ़िल्म निर्माण को बढ़ावा देने की नीति पर अमल करते हुए भी आवश्यक प्रावधान किये गये हैं।साथ ही ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों/व्यक्तित्वों पर आधारित फीचर फिल्मों/ शॉर्ट फिल्मों के निर्माताओं को भी इन रियायतों का फ़ायदा मिलेगा। नई नीति में पहली बार राज्य में नये एकल सिनेमाघरों के निर्माण और मौजूदा सिनेमाघरों के उन्नयन के लिए वित्तीय सहायता देने की पेशकश वाक़ई स्वागतयोग्य है। इसके अलावा स्थानीय फ़िल्म निर्माताओं की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त डॉक्यूमेंट्री फिल्मों की हौसला अफ़ज़ाई के लिए पीठ थपथपाने के उपाय भी किये गये हैं। गौर तलब है कि मध्य प्रदेश में फ़िल्म शूटिंग की अनुमति देने के लिये सिंगल विण्डो सिस्टम पहले ही लागू किया जा चुका है। इसे पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट के तहत शामिल किया गया है। फिल्म निर्माण संबंधी अधोसंरचना विकास के लिए निवेश को आकर्षित करने के प्रयास भी किये जा रहे हैं।

कुल शूटिंग का दो तिहाई यानि 75 प्रतिशत हिस्सा मध्य प्रदेश में फिल्माये जाने पर फीचर फिल्म श्रेणी में अधिकतम 2 करोड़ रूपये, वेब सीरीज के लिए डेढ़ करोड़ रूपये, टीवी-शो/ सीरियल्स के लिए 1 करोड़ रूपये तथा डॉक्युमेंट्री के लिए 40 लाख रूपये के अनुदान की व्यवस्था की गई है।अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म के लिए यह अनुदान राशि अधिकतम 1.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर (भारतीय मुद्रा में 10 करोड़ रूपये तक) और शॉर्ट फिल्मों के लिए 15 लाख रुपये तक हो सकती है। इसमें कोई शक नहीं कि विगत कुछ वर्षों में मध्य प्रदेश देश में फिल्म शूटिंग का हब बनकर उभरा है। साढ़े तीन सौ से अधिक फिल्मों, टीवी सीरियल और वेब सीरीज की शूटिंग राज्य के विभिन्न भागों में हुई है। मध्य प्रदेश में शूटिंग करने का लाभ दस हिन्दी फीचर फ़िल्मों, एक तेलुगू फ़िल्म और चार वेब सीरीज को कुल 21 करोड़ रूपये के वित्तीय अनुदान के रूप में मिल चुका है। इन्हीं तमाम उपलब्धियों के चलते मध्य प्रदेश को 2022 में मोस्ट फिल्म-फ्रेंडली स्टेट' का पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

हाल के वर्षों में भूल भुलैया-3 फुकरे-3 धड़क-2 स्त्री-2 डंकी, लापता लेडीज, लव की अरेंज मैरेज, सेल्फी, पोन्नियिन सेल्वन, औरों में कहाँ दम था, पटना शुक्ला, जरा हटके जरा बचके जैसी फ़िल्में और गुल्लक, पंचायत, कोटा फैक्ट्री, सिक्सर, सिटाडेल (हनी बन्नी), द रेलवे मेन जैसी लोकप्रिय वेब सीरीज मध्य प्रदेश में फिल्माई गई हैं।अनुमान है कि सात सौ करोड़ रूपये की लागत वाली इन फिल्मों/ वेब सीरीज का फिल्मांकन राज्य में होने से एक से डेढ़ लाख मानव दिवसों का अस्थायी रोजगार सृजन भी हुआ है।उम्मीद की जानी चाहिये कि नये साल में आई नई फ़िल्म पर्यटन नीति से राज्य के फ़िल्म निर्माताओं खासकर युवा फ़िल्मकारों को इसका यथोचित लाभ अवश्य मिलेगा। मध्य प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फ़िल्म निर्माण के जरिये की एक नई पहचान दिलाने का भी यह एक सुनहरा मौक़ा सिद्ध हो सकता है।

अस्सी के दशक में मध्य प्रदेश फ़िल्म विकास निगम की फ़िल्म पत्रिका 'पटकथा' के अनेक संग्रहणीय अंक निकालने वाले प्रबुद्ध संपादक श्री राम तिवारी (जो इन दिनों मुख्यमंत्री के सांस्कृतिक सलाहकार भी हैं) मानते हैं कि यह नई नीति राज्य के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक वैभव और लोक परम्पराओं को सिनेमा के जरिये दुनिया भर में पहुँचाने में अहम् भूमिका निभाएगी।

## सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना खंडवा ने कोयला अनलोडिंग करने का कीर्तिमान रचा



**भोपाल।** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड की श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया (खंडवा) में कोल रैक से कोयला अनलोडिंग करने का नया कीर्तिमान रचा गया। कोयले की सतत् उपलब्धता के लिए समय से रैक खाली किए जाने का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह में कोल हस्तांतरण विभाग (सीएचपी)-1 व 2 द्वारा 9 दिसंबर 2024 से 11 फरवरी 2025 की अवधि में कुल 531 कोल रैक को रेलवे की निर्धारित अवधि में अनलोड किया गया। यह तीन माह की अवधि में अभी तक का अधिकतम कोल रैक बिना डेमरेज चार्ज के खाली करने का रिकार्ड है। इससे पूर्व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह में वर्ष 2023 में 22 जनवरी 2023 से 4 अप्रैल 2023 की अवधि में कुल 505 कोल रैक डेमरेज का भुगतान किए बिना अनलोड किए गए थे।

**पांच घंटे प्रति रैक को अनलोड करना जरूरी:** रेलवे द्वारा श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना हेतु पांच घंटे प्रति रैक का समय निर्धारित है। निर्धारित समय से ज्यादा समय लगने पर रेलवे द्वारा 9 हजार रूपए प्रति घंटे के हिसाब से विलंब शुल्क (डेमरेज चार्ज) अधिरोपित किया जाता है। कोल रैक आने पर इन्हें समयावधि में खाली करना जटिल कार्य है। इस कार्य को सफलतापूर्वक करने के लिए संपूर्ण प्रणाली व उपकरणों की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित करनी होती है। निर्धारित समय से कम समय में रैक खाली होने से रेलवे को कोल परिवहन हेतु रैक उपलब्धता बढ़ जाती है। परियोजना के अभियंताओं के कार्मिकों के सतत् प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई है।

### कैसे अनलोड हुए कोल रैक

श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह के कोल हस्तांतरण विभाग (सीएचपी) द्वारा सुनियोजित तरीके से कार्य करते हुए दिसंबर 2024 में कुल 185 रैक, जनवरी 2025 में 252 रैक व फरवरी 2025 में 11 तारीख तक कुल 94 रैक अनलोड किए गए।

### ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई

कोल टैक अनलोडिंग की कीर्तिमान रचने वाली उपलब्धि को हासिल करने के लिए ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना डोंगलिया के समस्त अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई दी है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना में भविष्य में इसी प्रकार के उत्कृष्ट कार्य क्रियान्वित होने के साथ नए कीर्तिमान स्थापित होंगे।

## मोदी-मैक्रों मुलाकात: भारत से पिनाका रॉकेट लॉन्चर खरीदेगा फ्रांस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने का आह्वान किया। दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र और विभिन्न वैश्विक मंचों में अपनी सहभागिता को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। बताना होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस और अमेरिका के दौरे पर हैं। मोदी और मैक्रों ने बुधवार को दक्षिणी फ्रांस के मार्सिले में नए भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं का भारतीय समुदाय ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मोदी और मैक्रों ने दो विश्व युद्धों में शहीद हुए भारतीय सैनिकों के बलिदान को श्रद्धांजलि दी। संयुक्त बयान में कहा गया है कि मोदी और मैक्रों ने मार्च 2026 में नई दिल्ली में 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष' की शुरुआत की घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि फ्रांस द्वारा भारत के पिनाका रॉकेट लॉन्चर की खरीद से दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों में मजबूती आएगी। दोनों नेताओं की बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण आयामों के साथ-साथ प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों को शामिल किया गया। दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया और सुरक्षा परिषद के मामलों सहित विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर समन्वय करने पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने मार्सिले में बातचीत के दौरान द्विपक्षीय संबंधों एवं वैश्विक व क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। इसके साथ ही मोदी और मैक्रों ने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को लेकर प्रतिबद्धता भी दोहराई। मैक्रों ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए फ्रांस के दृढ़ समर्थन को दोहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने मार्सिले के लोगों और फ्रांस के एक्टिविस्ट्स को भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका के लिए धन्यवाद दिया क्योंकि उन्होंने मांग की थी कि सावरकर को ब्रिटिश हिरासत में न सौंपा जाए। ब्रिटिश शासन के दौरान जुलाई, 1910 में सावरकर ने ब्रिटिश जहाज मोरिया से भागने की कोशिश की थी। वे जहाज के पोर्टहोल से भाग निकले, तैरकर किनारे पर पहुंचे और फ्रांसीसी अधिकारियों ने उन्हें पकड़ लिया और उन्हें ब्रिटिश अधिकारियों को सौंप दिया था। बाद में उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की सेलुलर जेल में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। यह प्रधानमंत्री मोदी की छठी फ्रांस यात्रा है। फ्रांस से प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका जाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कामकाज संभालने के बाद मोदी की यह पहली अमेरिका यात्रा है।

## एनफैब्रिका ने एआई नेटवर्किंग इन्नोवेशन को गति देने के लिए भारत में आरएंडडी हब खोला




**हैदराबाद, एजेंसी।** एआई नेटवर्किंग में अग्रणी और जीपीयू/एक्सिलेटर क्लस्टर के प्रभावी एवं उच्च निष्पादन के लिए एक्सिलरेटेड कंप्यूट फैब्रिक (एसीएफ) चिप की आविष्कारक एनफैब्रिका कॉरपोरेशन ने भारत के हैदराबाद में मुख्यालय वाला अपना आरएंडडी परिचालन शुरू करने की आज घोषणा की। भारत में इसके नए कार्यालय एवं आरएंडडी सुविधा की स्थापना, एनफैब्रिका को एआई इन्नोवेशन के लिए एक टेक्नोलॉजिकल हब के केंद्र में स्थित करती है जिससे कंपनी अपनी विश्वस्तरीय इंजीनियरिंग टीम बढ़ा सकेगी और साथ ही सिलीकॉन एवं सॉफ्टवेयर उत्पाद विकास परिचालन को विस्तार दे सकेगी। यह नया कार्यालय इस कंपनी की वैश्विक उपस्थिति को बढ़ाता है और साथ ही एआई इंफ्रास्ट्रक्चर का स्तर बढ़ाने के लिए इस उद्योग के सबसे उन्नत नेटवर्किंग उत्पादों की आपूर्ति के लिए शीर्ष स्तर की प्रतिभाओं को नौकरी पर रखने की इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस ने दो ब्रांडों के विलय की घोषणा की

**नईदिल्ली।** एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस ने इंडिया एनर्जी वीक, 2025 का उपयोग अपने मिश्रित ब्रांड इकाई की घोषणा के लिए मंच के तौर पर किया। मिश्रित ब्रांड के नए रूप का अनावरण एक समारोह के दौरान पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामकीय बोर्ड (पीएनजीआरबी) के चेयरपर्सन डाक्टर अनिल कुमार जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर थिंक गैस के चेयरमैन श्री अमितव सेनगुप्ता और थिंक गैस के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री अभिलाष गुप्ता, श्रीए. रमनाकुमार, सदस्य - पीएनजीआरबी और श्री ताकेशीशिनोहारा सैन, एमडी, ओसाकागैस इंडिया प्राइवेट लिमिटेडउपस्थित रहे।सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) क्षेत्र में दो प्रमुख ब्रांड एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस अब एक सिंगल ब्रांड- थिंक गैस के तहत परिचालन करेंगे और परिचालन कार्यक्षमता का उपयोग करते हुए बाजार में अपनी पहुंच बढ़ाएंगे।

## जीवन साझा करने पर ही अच्छा बनता है, एलजी इंडिया ने भारतभर में रक्तदान अभियान का किया विस्तार

**नई दिल्ली, एजेसी।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया अपनी मेगा रक्तदान अभियान के तीसरे संस्करण को लॉन्च करने के लिए तैयार है, जो जीवन अच्छा होता है जब जीवन साझा किया जाता है के मूल संदेश के साथ कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इस पहल का उद्देश्य समुदायों, विशेष रूप से युवाओं को संगठित करना है और 70 शहरों में 400 रक्तदान शिविरों का आयोजन करना है।

वर्ष 2019 और 2023 में, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने सफलतापूर्वक लगभग 188 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया, जिसके माध्यम से 17,700 से अधिक पंजीकरण हुए। इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए, 2025 के अभियान का लक्ष्य 30,000 पंजीकरण प्राप्त करना है। प्रत्येक शिविर में रक्तदाताओं को आवश्यक चिकित्सा जांच, जलपान और प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे, ताकि एक सहज और प्रेरक रक्तदान अनुभव सुनिश्चित किया जा सके। केयर टूडे फंड, यूनाईटेड वे मुंबई और सक्षम भारती फाउंडेशन जैसे विश्वसनीय साझेदारों के साथ सहयोग करते हुए एलजी भारत में स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को मजबूत बनाने का प्रयास कर रहा है। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के एमडी, श्री होंग जू जियोन ने कहा, हम सार्थक हस्तक्षेप के साथ ष्टस्क्र कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मेगा रक्तदान अभियान का यह तीसरा संस्करण हमारे इस संकल्प का प्रतिबिंब है कि लोगों के लिए लाइफ्स गुड बनाया जाए। हमारा उद्देश्य समुदायों को सक्रिय रूप से भाग लेने और इस महत्वपूर्ण उद्देश्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित करना है, जो हमारे मूल संदेश जीवन साझा करने पर ही अच्छा बनता है के साथ जुड़ा हुआ है।

## इंवेस्ट एमपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के कर्टन रेज़र इवेंट का सफल आयोजन

**नईदिल्ली।** मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी इंवेस्ट एमपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के कर्टेन रेज़र इवेंट का भव्य आयोजन नई दिल्ली स्थित होटल ताजमहल में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश-विदेश के निवेशकों को मध्य प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करना और आगामी समिट की प्रमुख विशेषताओं को प्रस्तुत करना था। माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्य अतिथि के रूप अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में निवेश की अपार संभावनाओं और उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकार निवेशकों को हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## आईसीआईसीआई बैंक ने वायुमंडल की नमी से पानी बनाने के लिए इकाइयां स्थापित कीं

**मुंबई एजेंसी।** आईसीआईसीआई बैंक ने अपने कामकाज के दौरान सस्टेनेबिलिटी को बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत वायुमंडलीय नमी से पीने योग्य पानी बनाने के लिए अत्याधुनिक तकनीक को अपनाने की घोषणा की है। बैंक ने वायुमंडलीय नमी से प्रतिदिन 8,000 लीटर पीने योग्य पानी बनाने के लिए इकाइयाँ स्थापित की हैं, जिससे इन पाँच कार्यालयों में 4,200 कर्मचारियों को लाभ होगा - बेंगलुरु, हैदराबाद और मुंबई में एक-एक और चेन्नई में दो।

इन इकाइयों को वायुमंडलीय जल जनरेटर के रूप में जाना जाता है। इनमें वायुमंडलीय नमी को 100 प्रतिशत सूक्ष्मजीव मुक्त, ताज़ा और स्वच्छ पेयजल में बदलने के लिए नवीन तकनीक का उपयोग किया जाता है। कंडेन्सेशन की प्रक्रिया जल वाष्प को बूंदों में बदल देती है, जो फिर फिल्टरेशन संबंधी कई प्रक्रियाओं से गुजरती हैं। प्रक्रिया के अंत में आवश्यक खनिज मिलाए जाते हैं। वायुमंडलीय जल जनरेटर पूरे वर्ष पानी का उत्पादन कर सकते हैं क्योंकि वे परिवेश के तापमान और सापेक्ष आर्द्रता (25 प्रतिशत- 100 प्रतिशत) की एक विस्तृत श्रृंखला में काम कर सकते हैं। आईसीआईसीआई बैंक के समूह मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सौमेन्द्र मत्तगजसिंह ने कहा, आईसीआईसीआई बैंक में हमारी निरंतर यह कोशिश रहती है कि हम पर्यावरण पर अपने संचालन के प्रभाव को कम करें। हम अपने व्यवसाय को सस्टेनेबल और जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## सेजा भागवत सुनने गये बुजुर्ग दंपत्ति हुए 7 दिनों से लापता

**अमरवाड़ा।** थाना अंतर्गत ग्राम वारहहीरा निवासी विरसी पिता भूमा वर्मा उम्र 65 वर्ष अपनी पत्नी धर्मी बाई उम्र 61 वर्ष निवासी बारहहीरा से एक सप्ताह पूर्व अपने घर से यह कहकर निकले हुए थे कि हम ग्राम सेजा में आयोजित भागवत सुनने जा रहे लेकिन लौटकर नहीं आए तब से परिजनों के द्वारा निरंतर रिश्तेदारी में आसपास के ग्रामों में बुजुर्ग दंपति की तलाश की गई लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पति-पत्नी का अपने घर वापस नहीं आना अनेक संदेह को जन्म दे रहा है पुत्र मनीष वर्मा ने मंगलवार को दोपहर बाद पुलिस थाना में आकर अपने माता-पिता के गुम हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस द्वारा रिपोर्ट पर पति-पत्नी के गुम इंसान दर्ज कर प्रकरण पतासाजी तलाश में लिया।

## बारिश नहीं होने की संभावना

**छिंदवाड़ा।** भोपाल द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 120 घंटो के दौरान ( 12 फरवरी ङ्क 16 फरवरी 2025 ) आसमान साफ रहेगा और बारिश की संभावना नहीं है। अधिकतम तापमान 30-31 डिग्री सेन्टीग्रेट एवं न्यूनतम तापमान 13-15 डिग्री. सेन्टीग्रेट के मध्य रहने की संभावना है। अधिकतम सापेक्षित आर्द्रता 76-82 प्रतिशत एवं न्यूनतम सापेक्षित आर्द्रता 48-54 प्रतिशत रहने की संभावना है। आने वाले दिनों में हवा उत्तर, उत्तर-पूर्व, दक्षिण-पूर्व और दक्षिण दिशाओ में बहने एवं 02-09 कि. मी. प्रति घंटे की गति से चलने की संभावना है।

## संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर निकाली शोभायात्रा



**अमरवाड़ा।** नगर में संत परंपरा के महान योगी, महान ज्ञानी, संत शिरोमणि रविदास की जयंती हरसोलश के साथ बनाई गई, इस अवसर पर सामाजिक बंधु द्वारा बाजे गाजे और आतिशबाजी के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए चौरई रोड स्थित संत शिरोमणि मंदिर पहुंची जहां विशेष पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ इस अवसर पर मुख्य रूप से नगरपालिका अध्यक्ष ने प्रीति नितिन तिवारी जिला पंचायत सदस्य चंपालाल कुर्चे संतु साहू सलीम खान शैलेंद्र. जैन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शुभकामनाएं दी, वहीं नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में समाज हेतु सामुदायिक भवन बनाने की बात कही इस अवसर पर अबीर अहिरवार सचिन गोल्डी नेमा प्रकाश ठाकुर भूपेंद्र पटेल सुमित जैन निलेश साहू राजेश अहिरवार गोविंद बघेल संतोष पिपले दीपक चौधरी शरद सेन राजू सराठे इरशाद भाई वेद शाह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती कार्यक्रम का निमंत्रण जामसावली मंदिर के चरणों



## मे भेंट कर हुआ आगाज

**सौसर।** छिंदवाड़ा मे आगामी दिनों मे श्री छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती महोत्सव का कार्यक्रम नरेंद्र पटेल के नेतृत्व मे किया जा रहा है कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र बुधवार को सौसर नगर के युवा मुकुल खंडाईत के नेतृत्व मे छिंदवाड़ा से आये हिन्दू गर्जना रैली आयोजन समिति के सदस्यों ने चमत्कारीक हनुमान मंदिर मे माथा टेक निमंत्रण पत्र देकर निमंत्रण देने की शुरुआत की गयी।.

## महाशिवरात्रि पर्व पर भूराभगत में 17 से 26 फरवरी तक होगा महादेव मेला



मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक

**छिन्दवाड़ा।** जिले की जनपद पंचायत जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत सांगाखेड़ा के ग्राम भूराभगत में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर 17 से 26 फरवरी तक महादेव मेला आयोजित किया जाएगा। मेले की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में मेला स्थल पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेले के सफल आयोजन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अजय पांडे, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, एसडीएम जुन्नारदेव सुश्री कामिनी ठाकुर सहित संबंधित सभी विभागों के प्रमुख और खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रमुख व्यवस्थाओं पर लिया गया निर्णय

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि मेले के दौरान सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएं। मेले में छिन्दवाड़ा, समीपवर्ती जिलों और अन्य राज्यों से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके लिए पर्याप्त बसों की व्यवस्था की जाएगी। शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच की जाएगी।

### स्वास्थ्य, पानी और विद्युत व्यवस्था के विशेष निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जुन्नारदेव से भूराभगत और दमुआ से भूराभगत पैदल मार्गों में पड़ने वाले जल स्त्रोतों को समय-समय पर शुध्द करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला स्थल पर शुध्द पेयजल, एंबुलेंस, हैल्थ यूनिट, सुलभ शौचालय और चलित शौचालय की व्यवस्था करने को कहा। विद्युत विभाग को सुरक्षा के दृष्टिकोण से सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए।

**पार्किंग और पुलिस बल की तैनाती-** बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अजय पांडे ने मेला क्षेत्र में पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन कर एनाउंसमेंट करने और ब्लैक स्पॉट्स पर साइनेज लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे लगाने और पुलिस चौकियों के दोनों ओर उचित पार्किंग व्यवस्था करने की बात कही।टेंट सिटी में विशेष सुविधाएं, पर्यटकों के रुकने के लिए बन रही व्यवस्था- कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक के बाद मेले में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के ठहरने के लिए बनाई जा रही टेंट

# लायंस सेवा समिति के सदस्यों की गिरफ्तारी एवं कुर्की पर रोक





**परासिया।** लायंस आई हॉस्पिटल परासिया में मोतियाबिंद के ऑपरेशनों को लेकर फर्जीवाड़े के आरोप में लायंस सेवा समिति के सात सदस्यों पर धोखाधड़ी एवं गबन का मामला परासिया थाने में गत 10 जनवरी को दर्ज किया गया है। वहीं जिला कलेक्टर के आदेश पर अस्पताल के डायरेक्टर अनिल जैन को तहसीलदार ने फर्जीवाड़े की 2 करोड़ 4 लाख 6818 रुपए की राशि जमा नहीं करने पर कुर्की का जो आदेश जारी किया था, उसे लेकर सदस्यों की गिरफ्तारी एवं कुर्की पर उच्च न्यायालय जबलपुर ने रोक लगा दिया है।आज यह जानकारी लायस अस्पताल के अध्यक्ष पिंकेश पटोरिया ने पत्रकार वार्ता में दी। हालांकि एफआईआर दर्ज हुए एक महीने से ज्यादा का समय बीत गया है लेकिन पुलिस ने किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की है। पिंकेश पटोरिया का आरोप था कि लायंस आई हॉस्पिटल को बंद करने के लिए एक साजिश के तहत अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है और विभाग के अधिकारियों के द्वारा जो जांच कार्यवाही की गई,वह एक तरफा की गई है।जिसकी पुनः निष्पक्ष जांच के लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है। लेकिन किसी भी स्तर पर उनकी बात नहीं सुनी गई। जिसके बाद उच्च न्यायालय जबलपुर में अपील दायर की गई है। अध्यक्ष का कहना था कि लायंस आई हॉस्पिटल परासिया में गरीबों के मोतियाबिंद के ऑपरेशनों को लेकर लायंस इंटरनेशनल ने एक करोड़ 80 लाख की राशि दी है और वर्ष 1990 से लेकर अभी तक 40000 मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन किए गए है। शासन की ओर से एक ऑपरेशन के लिए 2000 की राशि दी जाती है।जबकि अस्पताल को 3500 से लेकर 4500 रुपए तक का खर्चा आता है। पत्रकार वार्ता में पूरन राजलानी, आलोक जैन, हरिशंकर साहू एवं हरिशंकर पटेल उपस्थित थे।

# आपदा प्रबंधन संबंधी समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण



**छिन्दवाड़ा।** होमगार्ड्स एवं आपदा प्रबंधन विभाग का भारतीय रेल्वे के जोन-दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे जोन नागपुर से आपदा प्रबंधन संबंधी समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से आज आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण एवं कार्यशाला डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड कार्यालय छिंदवाड़ा में सम्पन्न हुई। जिसमें रेल्वे सुरक्षा बल पोस्ट छिंदवाड़ा, चौकी सौंसर से सुरक्षा बल के 15 अधिकारी/कर्मचारी एवं स्टॉफ तथा एस.डी.ई.आर.एफ. के जवान सम्मिलित हुये। रेल्वे पर होने वाली प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं और दुर्घटनाओं के लिये अक्सर भारतीय रेल्वे के संसाधनों के अलावा सिविल विभागों की सहायता की भी आवश्यकता होती है। मानव जीवन की हानि और रेल्वे सेवाओं में व्यवधान के मामलो में, सिविल विभागों और आपदा प्रतिक्रिया बलों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। इस प्रशिक्षण के तारतम्य में डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड श्री एस.आर.आजमी द्वारा आपदा की विस्तृत जानकारी देते हुये आपदा प्रबंधन एक्ट-2005, एस.डी.ई.आर.एफ. एवं आपातकालीन संचालन केन्द्र का जिलों में गठन, गठन का उद्देश्य, कार्य की रूपरेखा का विश्लेषणात्मक जानकारी देते हुये अकस्मात् होने वाली दुर्घटनाओं के लिये तैयारी, रोकथाम, प्रतिक्रिया अपनाई जाने वाली कार्यवाही एवं सामुदायिक भागीदार के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अनुक्रम में श्री गणेश कुमार धुर्वे, प्लाटून कमाण्डर एवं सहयोगी टीम द्वारा आपदा के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुये आगजनी एवं आगजनी के कारण, प्रकार एवं रोकथाम व बचाव के लिये प्रशिक्षण देते हुये अग्निशमन उपकरणों के कारगर एवं प्रभावी प्रयोग का प्रशिक्षण दिया। साथ ही अकस्मात् होने वाले हृदयाघात के कारण दुःखद घटनाओं के लिये सीपीआर का प्रशिक्षण एवं जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट श्री आजमी, सहायक प्रशिक्षक श्री गणेश कुमार धुर्वे, प्लाटून कमाण्डर एवं एस.डी.ई.आर.एफ. टीम तथा प्रशिक्षण के लिये रेल्वे सुरक्षा बल के अधिकारी श्रीमती उषा बिसेन, निरीक्षक एवं पोस्ट प्रभारी छिंदवाड़ा, सहायक उपनिरीक्षक रेल्वे सुरक्षा चौकी सौंसर एवं अन्य 20 कर्मचारी/स्टॉफ सम्मिलित हुये।

### देश में पहली बार 100 बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट छिंदवाड़ा में...

## स्पार्टन क्लब छिंदवाड़ा ने हंड्रेड बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया

### विजेता टीम स्पार्टन क्लब् को 51 हजार रुपये व ट्रॉफी व उपविजेता टीम एसीसी क्लब् को 31हजार रुपए व ट्रॉफी प्रदान की




**छिंदवाड़ा।** प्रतियोगिता के वरिष्ठ उपाध्यक्ष असलम खान ने बताया कि स्वर्गीय चंद्रप्रकाश त्रिपाठी की स्मृति में 100 बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का में आज फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच एसीसी क्लब् छिंदवाड़ा व स्पार्टन क्लब् छिंदवाड़ा के मध्य खेला गया।पहले बल्लेबाजी करते हुए स्पार्टन क्लब् ने 92 गेंदों में 10 विकेट पर 124 रन बनाए। जिसमें 65 रन संजर आलम व 16 रन वन्दित जोशी ने बनाये। एसीसी क्लब् के गेंदबाज विनोद यादव ने हैट्रिक लेते हुए 4 विकेट लिए।125 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसीसी क्लब् 100गेंदों में 10विकेट पर 103 रन ही बना सकी।एसीसी क्लब् के बल्लेबाज शाहबाब परवेज ने 23 व 17 रन तनिष देशमुख ने बनाए। स्पार्टन क्लब् के गेंदबाज वन्दित जोशी ने 3 व युग डेहरिया व दीपेश अग्रवाल ने 2-2 विकेट लिए। मैच 21 रनों से स्पार्टन क्लब् ने जीतकर हंड्रेड बॉल टूर्नामेंट विजेता होने का गौरव हासिल किया। मैच में अंपायर पवन गवाने व सादेन फ़ैज़ खान रहे।स्कोरर डीके रॉयचौधरी व निखिल चौखे रहे। कॉमेंटेटर ऋषभ मलिक रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रांत चंदेल ने किया ,पुरुस्कार वितरण में मुख्य अतिथि जिला कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ऑक्टे, गंगा प्रसाद तिवारी, धर्मेंद्र सोनू मागो , जेपी सिंह, मनीष पांडे, आनंद बक्शी, सुरेश कपाले, टिंकू राय , अभिषेक गुप्ता, आरिफ ठाकुर, रोहित राहुल द्विवेदी ,उज्ज्वल सूर्यवंशी, उपस्थित रहे। आयोजन समिति के शशांक त्रिपाठी, उमाचरण त्रिपाठी, अनिकेत त्रिपाठी, मेहुल दुबे, बाबूलाल चौहान,पिंचु बैस सचिन वानखेड़े, परीक्षित त्रिपाठी, अभिषेक ठाकुर, अनुज चौरसिया, अनुज पटेल,हिमांशु त्रिपाठी ,एकता त्रिपाठी, हर्ष सक्सेना, गगन मालवी,नयन सक्सेना,मोहित श्रीवास ,केतन चौरसिया, ऐश्वर्य चौरसिया,राजा सूर्यवंशी, चंदन गुप्ता, विजेता टीम स्पार्टन क्लब् को 51 हजार रुपये व ट्रॉफी व उपविजेता टीम एसीसी क्लब् को 31हजार रुपए व ट्रॉफी अतिथियों के हस्ते प्रदान की गई।

### व्यक्तिगत पुरुस्कार

बेस्ट बैटर- सेजल भादे,बेस्ट बॉलर- युग डेहरिया, बेस्ट कैच- साजिद खान, बेस्ट विकेटकीपर- आशीष यादव, बेस्ट इमरजिंग प्लेयर-युग डेहरिया, फेयर प्ले अवार्ड- रिलायंस क्लब् छिंदवाड़ा, फाइनल मैन ऑफ द मैच- वन्दित जोशी, मैन ऑफ द टूर्नामेंट- पुष्कर विश्वकर्मा, हैट्रिक अवार्ड-विनोद यादव।

## दूर दृष्टि वाली सोच रखते थे संत रविदास:सांसद

**छिन्दवाड़ा।** गुरु संत शिरोमणि रविदास जी के 648 वर्ष पूर्व लोगों के लिए दिये गये विचार आज के समय के लिए महत्वपूर्ण है, हमारे देश में बड़े बड़े संतों ने जन्म लिया उनमें से एक रविदास जी भी है उनकी भी दूर दृष्टि वाली सोच थी इसलिये उन्होंने कहा था जाति जाति में जाति है जो केतन के पात रैदास मनुष्य ना जुड़ सके जब तक जाती ना पात, उन्होंने मन की पवित्रता पर जोर दिया है, रविदास जी कहते थे मन चंगा तो कठौती में गंगा उनके अनुसार जिस व्यक्ति का मन पवित्र होता है उसके बुलावे पर माँ गंगा एक कठौती में भी आ जाती है निर्मल मन में ही भगवान वास करते है, उक्त आशय के उद्?गार संत रविदास जी के प्रकाशोत्सव जयंती के अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने व्यक्त किये।सांसद श्री साहू, सुबह खिरकापुरा में संत रविदास जी के गुरुद्वारे में पहुंचकर माथा टेका और जिलेवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। वही शाम को पोला ग्राउण्ड में जिला संत रविदास समाज संगठन छिंदवाड़ा द्वारा आयोजित दो जोड़ो के विवाह समारोह, युवक युवती परिचय एवं सामाजिक सम्मेलन में शामिल हुए। जहां उन्होंने समाज की पत्रिका का विमोचन भी किया।

## महामंडलेश्वर बनने के बाद पहली बार चौरई पहुंचे स्वामी अजय रामदास,

### बोले- धर्म की रक्षा के लिए तैयार रहे, एवं एकजुट हो जाए हिंदू समाज



**चौरई।** महामंडलेश्वर स्वामी श्री अजय रामदास , जो कि रामटेक पीठ के प्रमुख भी हैं, का रीवा सतना मैहर कटनी जबलपुर होते हुए सुबह 11 बजे सिवनी आगमन हुआ, जहां उनका बसस्टैंड, हनुमान की मढिया, छिंदवाड़ा चौक आदि में रामभक्तों एवं साईं समिति के लोगों ने गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। चौरई विधानसभा की सीमा समसवाडा से तो भक्तो का स्वागत के लिए तांता ही लग गया। स्वामी श्री अजय रामदास जी श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर बनने के बाद पहली बार अपने गृह क्षेत्र पहुंचे। रस्ते में भी जगह जगह आसपास के गांवों में भक्तों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया। जोरदार नारों एवं जयकारों के बीच ढोल-धमाकों के साथ उनको रथ पर बैठाल कर शोभायात्रा भी निकाली गई। जिसमें पुरुष, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। जगह-जगह फूल-मालाओं और पुष्पवर्षा से उनका अभिनंदन किया गया। उनके आगमन पर जिले की सीमा टोलनाके फुलारा मे श्रीराम संकल्प सेवा संगठन के राष्ट्रीय सचिव संजय सक्सेना, तरुण तिवारी, हरिकांत वर्मा, ओम विश्वकर्मा, महेंद्र पटेल , संजय वर्मा एवं साथियों ने , रास्ते मे ग्राम सर्रा, समसवाड़ा मे विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, प्रेम पटेल एवं साथियो ने , डूंगरिया में आशीष वर्मा, विश्वकर्मा हार्डुवेयर वालों ने, चौरई बायपास चौक मे सुखलाल वर्मा, दिलीप वर्मा, प्रेम पटेल एवं समूह ने, बंजारी माई मंदिर मे व्यापारी संघ, भगीरथ वर्मा ने चमन घाटी, आयशर एजेंसी, अमरवाड़ा चौक, आदि नगर चौराहो पर जयपाल जांघेला, कमलेश कोलारे, पारस जैन एवं साथियों ने, सुमन वर्मा सहित महिला संघठन और नपा सभापति नीलू शशिकांत निर्मलकर ने स्वागत किया। भारत माता चौक पर रामसेवक परिवार के सदस्यों ने पूर्व विधायक पं रमेश दुबे, अजबसिंह पटेल, राजू कुशवाह, संजय सुकांत, एवं अन्य वरिष्ठ जनों ने भी स्वागत किया। प्रेस क्लब चौरई के पत्रकारों के द्वारा बस स्टैंड पर उन्हें केले से तौला गया, वहां उनका नवीन जैन, डा रमेश उसरेठे, शोभाराम भलावी दुर्गा विश्वकर्मा आदि ने भी स्वागत किया। सेवासदन में पूर्व जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी के साथियो, पटेल पेट्रोल पम्प में अतरलाल वर्मा, बलवंत वर्मा एवं अन्य लोगों ने स्वागत किया, एग्रोट्रेक्टर एजेंसी में ऋषि पटेल एवं सहयोगी गणों ने उन्हें मीठे से तौला एवं उनका अभिनंदन किया, तत्पश्चात चाँद रोड पर वर्मा कलेक्शन में जी एल वर्मा, सूरज पटेल ने, श्रीराम मटेरियल सप्लायार में श्रीराम चौरसिया ने, राय मटेरियल सप्लायर के निवास मे गोलू राय ने आतिशबाजी फूलमालाओं के साथ स्वागत किया।

## हॉकी के विकास के लिए करेंगे हर संभव प्रयास: डॉ शेषराव

### यूनाइटेड क्लब 6-5 से टाइब्रेकर में विजयी



**छिंदवाड़ा** – जिला हॉकी संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता पुलिस ग्राउण्ड में खेली जा रही है । जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस ने बताया कि प्रतियोगिता में स्टेट लेवल के अम्पायर फैजल खान, सोहेल खान व विशाल अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यूनाइटेड क्लब विरूद्ध क्रिस्चन क्लब के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें यूनाइटेड क्लब 6-5 से टाइब्रेकर में विजयी रही विजेता ओर उपविजेता टीम एवं खिलाड़ियों को ट्राफी एवं पुरुस्कारों से अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया इस प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाडी क्रिस्चन क्लब का सोनू कुमार रहा मुख्य अतिथि डॉ शेषराव यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा में हॉकी खेल को बढ़ावा देने हेतु हर संभव प्रयास किया जाएगा इस अवसर पर खिलाड़यों के उत्साह वर्धन हेतु मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ,विजय पांडे,आर आई आशीष तिवारी,श्रीमती गरिमा दामोदर,संघ के सचिव सारिक सिद्दीकी, अंतरराष्ट्रीय खिलाडी रविकान्त अहिरवार,माइकल पहाड़े, श्रीमती चंदकिरण पॉल, नवेद खान, हॉकी संघ उपाध्यक्ष जावेद खान, दीपक कोहले,राशिद खान, जावेद खान,नईम खान, जेक्शन कुमार, सैय्यद अस्सु अली,अज़हर खान,आरिफ खान,नूर मोहम्मद, सोबी कुरैशी व इमरान सिद्दीकी सहित हॉकी संघ के पदाधिकारि,हॉकी क्लबो के खिलाड़ी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन जावेद खान ने किया ।

## सांसद ने जनता दरबार में हल की लोगों की समस्याएं



**छिंदवांड़ा।** सांसद से मिलने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे लोग छिन्दवाड़ा। पार्लियामेंट की कार्यवाही में शामिल होने के बाद दिल्ली से लौटे सांसद बंटी विवेक साहू से मिलने के लिए उनके परासिया रोड स्थित कार्यालय में बुधवार को बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।सांसद श्री साहू ने भी जिले भर से आये लोगों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और कुछ लोगों की समस्याओं पर तत्काल ही संबंधितों को मोबाईल पर बात कर समस्या का तत्काल हल करने के लिए कहा। वही कुछ लोगों की समस्याओं पर संबंधित अधिकारियों और विभाग को लेटर जारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान कुछ लोगों ने अपनी व्यक्तिगत समस्याओं से सांसद श्री साहू को अवगत कराया वही कई लोगों ने सामूहिक रूप से मुलाकात कर उनकी परेशानियों को सांसद श्री साहू के समक्ष रखा। बुधवार को सांसद श्री साहू से मिलने पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं का निराकरण पाकर उन्हें धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इस दौरान गर्ल्स कॉलेज छिंदवाड़ा के अतिथि शिक्षिकाओं और खेल शिक्षकों ने भी सांसद श्री साहू से मुलाकात कर शासन द्वारा उन्हें मिलने वाली सुविधाओं का लाभ वर्तमान में नहीं मिलने की शिकायत की। जिसे लेकर सांसद श्री साहू ने जल्द ही कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह से बात कर उनकी समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया।

## आवासीय छात्रावास को टीचर्स वेलफेयर सोसायटी चाँद द्वारा गद्दे व गर्म स्वेटर प्रदाय



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की हर वर्ग के सर्वांगीण विकास की पहल व जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल की प्रेरणा से शिक्षा-समाज-पर्यावरण के लिए कटिबद्ध संस्था टीचर्स वेलफेयर सोसायटी चाँद ने आज दिव्यांग बच्चों के आवासीय स्कूल आधार फाउंडेशन छिंदवाड़ा में जाकर दिव्यांग बच्चों से मुलाकात कर उनके विकास व सीखने के क्षेत्र को समझा, और फाउंडेशन को 31 गर्म स्वेटर एवं 15 गद्दे कवर सहित भेंट किये। सोसायटी सचिव राज्यपाल पुरुस्कृत श्री राकेश कुमार मालवीय ने बताया कि यह शिक्षकों की सोसायटी विगत 6 वर्षो से विद्यालयों व दिव्यांग बच्चों के प्रोत्साहन के साथ पर्यावरण सुधार के लिए कार्य भी कर रही है और आज छिंदवाड़ा में स्थित आधार फाउंडेशन में आकर दिव्यांग बच्चों से मिलकर उनके विषय मे जाना और उनकी आवश्यकता के अनुसार उन्हें यह वस्तुएं भेंट की गई । इस अवसर पर सोसायटी संरक्षक प्रदीप कुमार जैन, फाउंडेशन के संचालक महेश किन्थ, सह सचिव चंद्रशेखर मराठा, सोसायटी पदाधिकारी बलराम बरकोरिया उपस्थित थे। श्री जैन ने कहा कि दिव्यांग बच्चे हर सुविधाओं के प्रथम हकदार है, उनकी परवरिश समाज की जिम्मेदारी है । श्री किन्थ ने उपहार प्रदान करने के लिये सोसायटी का आभार माना।

## अस्पताल के नए भवन का स्थान स्थानीय नेता जन प्रतिनिधियों को विश्वास में रखकर चिन्हित करें विधायक



**बैतूल संवाददाता।** चिचोली घोड़ाडोंगरी विधानसभा विधायक गंगा सज्जन सिंग उईके नगर मंडल चिचोली के एक दिवसीय दौरे पर थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली में रोगी कल्याण समिति की बैठक लेना था। पश्च्यात ग्राम अटारी भागवत कथा के कार्यक्रम में भी सम्मिलित रही। इस प्रवास के अंतर्गत रोगी कल्याण समिति की बैठक में भी विधायक गंगा उइके ने चिचोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन की जगह के चिन्हांकन के विषय में जब बीएमओ अतुलकर से जानकारी मांगने पर पता चला के संबंधित एजेंसी के लोग स्वास्थ्य केंद्र का दौरा करके जगह चिन्हित करके चले गए। बल्कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नेता गण को सूचना नहीं दी गई। और किसी से कोई राय ली गई। श्रीमती उईके ने बी एम ओ को निर्देशित किया की शीघ्र सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को बुलाकर सबको विश्वास में लेकर पुनः नवीन भवन का स्थान सब की सहमति से चिन्हित की जाए। तथा बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर के लिए स्थानीय नेता , जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझव रखे । जिन्हें सर्वसम्मति से आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। बैठक में विभिन्न प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किए गए। जिसमें मुख्य रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली में महिला चिकित्सक की नियुक्ति, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिरापाटला में अतिरिक्त वार्ड निर्माण, बाउंड्रीवाल, मुख्य सड़क से स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंच मार्ग निर्माण शामिल रहे।



केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भोपाल में पूर्व कानून मंत्री नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात की।



प्रदेश भाजपा प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह ने आज पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा से निवास पर सौजन्य भेट की। भेट के दौरान दोनों के बीच समसामायिक विषयो पर चर्चा हुई।

# ग्वालियर में 6 साल के बच्चे का अपहरण, मां की आंख में मिर्ची झोंक मासूम को ले गए बदमाश

**ग्वालियर।** ग्वालियर में गुरुवार सुबह करीब 8 बजे एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जब 6 साल के एक बच्चे का अपहरण कर लिया गया। घटना तब हुई जब बच्चे की मां उसे स्कूल छोड़ने जा रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो अज्ञात बदमाश पीछे से आए और महिला की आंखों में मिर्ची झोंक दी। इसके बाद उन्होंने बच्चे को जबरन उठाकर फरार हो गए। यह सारी घटना मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

**घटना मुरार थाना क्षेत्र की सीपी कॉलोनी में हुई-** यह घटना ग्वालियर के मुरार थाना क्षेत्र की सीपी कॉलोनी में हुई है। अपहृत बच्चे का नाम शिवाय है, जिसके पिता राहुल एक शुगर कारोबारी हैं। परिवार वालों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर अपराधियों की पहचान और बच्चे को बचाने के प्रयास में जुटी हुई है।

**इनाम देने घोषणा की-** इस मामले में आईजी अरविंद सक्सेना ने अपहरणकर्ताओं की जानकारी देने वाले को 30,000 रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तेजी से जांच शुरू की है, लेकिन अब तक बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला है।

**घटना के विरोध में बाजार बंद-** व्यापारी समुदाय ने इस घटना को लेकर गहरी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि शहर में कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है और आम नागरिक सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। व्यापारी राहुल गोयल ने कहा कि अभी तक बच्चे को लेकर किसी तरह का संपर्क नहीं किया गया है। अगर पुलिस जल्दी कार्रवाई नहीं करती है, तो हम अनशन पर बैठेंगे।



# केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने पूर्व सरपंच अयोध्या बाई मीना को दी पुष्पांजलि

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज शनिवार 12 फरवरी 2025 को राजधानी के समीपस्थ ग्राम पिपलिया बाजखां पहुंचे। उन्होंने यहां पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लखन सिंह मीना की माताजी एवं ग्राम पंचायत देवलखेड़ी की पूर्व सरपंच स्वर्गीय श्रीमती अयोध्याबाई बाई मीना के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके साथ प्रदेश सरकार के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, तुलसी सिलावट एवं सांची विधायक प्रभुराम चौधरी भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि पूर्व सरपंच वीरभान सिंह मीना की धर्मपत्नी एवं मप्र मीना समाज सेवा संगठन के प्रदेश संगठन महामंत्री एड. संतोष मीना की चाची श्रीमती अयोध्याबाई मीना का गत दिवस निधन हो गया था। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्व. श्रीमती मीना के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की।इस अवसर पर मध्य प्रदेश मीना समाज सेवा संगठन प्रदेश कोषाध्यक्ष लीलेन्द्र सिंह मारण, प्रदेश संगठन महामंत्री एडवोकेट संतोष मीना, भाजपा के जिला ग्रामीण अध्यक्ष तीरथसिंह मीणा, इमलिया सरपंच बब्लेश मीना, हरभजन मीना सहित सैकड़ों समाज सेवी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मप्र की सड़कें होंगी चकाचक

## प्रदेश के 17 गांवों और 15 शहरों को जोड़ेंगी



**भोपाल निप्र।** शहर में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट और वित्तवर्ष की अंतिम तिमाही ने लोक निर्माण विभाग के बजट को खर्च करने की रफ्तार बढ़ा दी है। अगले पंद्रह दिन में विभाग 200 करोड़ रुपए के काम देगा। इनके वर्कऑर्डर तैयार किए जा रहे हैं। शहर की सड़कों के चौड़ीकरण और चौराहा विकास के लिए ये राशि खर्च की जाएगी। गौरतलब है कि करीब 65 करोड़ रुपए जीआइएस के नाम पर पहले ही सड़कें पर पीडब्ल्यूडी खर्च कर रहा है।

पीडब्ल्यूडी की शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में इस समय 126 छोटी-बड़ी सड़कों पर काम चल रहा है। इनमें से 32 सड़कों को निर्माण के दौरान ही चौड़ीकरण का काम शुरू किया जाएगा। 17 सड़कों ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी है, जबकि 15 सड़कों शहरी क्षेत्र की है। मौजूदा रॉयल मार्केट से करोद फाटक तक बन रही सड़क में भी एक अतिरिक्त लेन इस बजट से जोड़ी जाएंगी।

विभाग बावड़िया से लेकर गुलमोहर, शाहपुरा, अरेरा कॉलोनी, करोद, बैरागढ़, नीलबड़- रातीबढ़- कलखेड़ा तक नए चौराहा विकसित करेगा। यहां बीते डेढ़ साल के दौरान बनी सड़कों के चौराहे बनाने बाकी हैं। अभी कोलार सिक्सलेन के चौराहा पर ही काम बाकी है। ऐसे में इन्हें विकसित करने व सौंदर्यीकरण पर बजट खर्च होगा।

- निवेशकों के स्वागत पर 125 करोड़ खर्च होंगे ठु नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के पास 12 करोड़ का है बजट
- तीन की करोड़ की लागत से दीवारों पर बनेंगे रंग-बिरंगे चित्र
- लाइटिंग पर करीब पौने 4 करोड़ रुपए होंगे खर्च
- 92 लाख की लागत से लैंप पोस्ट और पार्कों में लाइटिंग
- पूरे भोपाल शहर में 1400 कमरे पहले ही हो गए बुक
- मेहमानों के लिए इंदौर से बुलाए गए खास खानसामे
- भोपाल पुलिस के सभी जवानों की छुट्टियां हुई रद्द
- भोपाल के चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे करीब 3 हजार जवान

# वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर मध्य प्रदेश के तापमान में गिरावट शुरू

## दो दिन तक ऐसा ही रहेगा मौसम



**भोपाल प्रटा।** मध्य प्रदेश के मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 8 फरवरी को एक्टिव हुए वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर अब देखने को मिल रहा है। दिन के तापमान में 3 डिग्री से ज्यादा गिरावट देखी गई है। बुधवार को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत 11 शहरों में पारा 30 डिग्री से नीचे आ गया। ग्वालियर में 3.7 डिग्री की गिरावट के साथ पारा 27.8 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले 2 दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। फरवरी महीने में पारे में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी।

**इसलिए तापमान में आई गिरावट:** मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेद प्रकाश ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के ऊपर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हुआ है। इस वजह से बुधवार को दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिली है। रात में भी पारा लुढ़क सकता है। 14 और 15 फरवरी को भी मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने बताया कि फरवरी में कई वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होंगे। इस वजह से पारे में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। फिलहाल बारिश के आसार नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को भोपाल-इंदौर में 28.8 डिग्री, धार में 28.9 डिग्री, ग्वालियर में 27.8 डिग्री, नर्मदापुरम में 29 डिग्री, पचमढ़ी में 26.1 डिग्री, रायसेन में 28 डिग्री, नरसिंहपुर में 28 डिग्री, नौगांव में 28.1 डिग्री, सीधी में 29.8 डिग्री, मलाजखंड में 29.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

### 30 डिग्री से ऊपर वाले शहर

दमोह, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, टीकमगढ़, उमरिया, बैतूल, गुना, खंडवा, खरगोन, रतलाम, शिवपुरी और उज्जैन में पारा 30 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। खंडवा में सबसे ज्यादा 33.1 डिग्री और खरगोन में पारा 33 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले मंगलवार-बुधवार की रात में भी तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति देखने को मिली। शहडोल के कल्याणपुर में 9.3 डिग्री और पचमढ़ी में 9.7 डिग्री रहा। बाकी शहरों में पारा इससे अधिक दर्ज किया गया।

**अगले 2 दिन ऐसा मौसम:** 13 फरवरी- दिन-रात के तापमान में हल्की गिरावट हो सकती है। कुछ शहरों में दिन में गर्मी का असर देखा जा सकता है। 14 फरवरीः दिन-रात के तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिल सकती है।



**स्वच्छता अभियान**

मंत्री विश्वास सारंग ने अधिकारियों के साथ लगाई झाड़ू... भोपाल अपैक्स बैंक में किया स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता अभियान का शुभारंभ।



बागेश्वर धाम तीर्थ पहुंचे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, नेता प्रतिपक्ष ने बागेश्वर बालाजी के चरणों में नमन कर, समस्त प्रदेश, समाज और जनकल्याण के लिए भावपूर्वक प्रार्थना की।

# किडनी रोग के बच्चों के इलाज में एम्स अव्वल



**मिला अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार, विश्व के 57 आईएसएन में शामिल**

**भोपाल प्रटा।** किडनी रोग से पीड़ित बच्चों के इलाज करने में एम्स भोपाल ने कीर्तीमान रचा है। दरअल एम्स लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बना रहा है। अब एम्स को इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ नेफ्रोलॉजी द्वारा 2025 का प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय श्रियर पुरस्कार दिया गया है। यह सम्मान बाल किडनी रोग के इलाज में उत्कृष्ट योगदान और 2018 से 2024 तक मैकगिल यूनिवर्सिटी, कनाडा के साथ सफल साझेदारी के लिए दिया गया है। साथ ही, एम्स भोपाल को पीडियाट्रिक नेफ्रोलॉजी में आईएसएन क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में नामित किया गया। यह पुरस्कार डॉ. रॉबर्ट डब्ल्यू, श्रियर के नाम पर दिया जाता है, जो गुर्दा शोध और वैश्विक नेफ्रोलॉजी शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए जाने जाते है। यह सम्मान उन संस्थानों को दिया जाता है जो अंतर्राष्ट्रीय सहयोगों के माध्यम से नेफ्रोलॉजी इलाज, शिक्षा और शोध में अद्वितीय प्रगति दिखाते हैं। एम्स भोपाल अब विश्व के उन 57 आईएसएन सिस्टर रीनल सेंटर जोड़ों में से एक है, जिसने यह मान्यता प्राप्त की है।

### एक हजार से ज्यादा बच्चों का किया डायलिसिस

एम्स बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. शिखा मलिक ने बताया कि बाल रोग डायलिसिस यूनिट ने पिछले वर्ष में 1000 से अधिक डायलिसिस सत्र और 150 प्लाज्मा एक्सचेंज सफलतापूर्वक पूरे किए हैं, जिससे अनेक बच्चों की जान बचाई गई है। यह पुरस्कार एम्स भोपाल की ओर से डॉ. गिरीश भट्ट ने विश्व नेफ्रोलॉजी कांग्रेस 2025 में प्राप्त किया। एम्स भोपाल ने बाल किडनी रोग देखभाल को और बेहतर बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाल नेफ्रोलॉजी संघ फैलोशिप और बाल रोग नेफ्रोलॉजी में डीएम कार्यक्रम शुरू किया है, जिसमें दो डीएम फेलो पहले ही नामांकित हो चुके हैं। इन पहलों का उद्देश्य अधिक विशेषज्ञों को प्रशिक्षित करना और पूरे भारत में बाल रोग नेफ्रोलॉजी सेवाओं का विस्तार करना है।

### इस सम्मान से बढ़ी एम्स की प्रतिष्ठा

एम्स के डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने बाल रोग नेफ्रोलॉजी इकाई की समर्पित सेवाओं और अग्रणी कार्यों पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने डॉ. शिखा मलिक (बाल रोग विभागाध्यक्ष), डॉ. अंबर कुमार और डॉ. गिरीश भट्ट को बधाई देते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हमारी टीम के बाल किडनी रोग देखभाल को उन्नत बनाने के सतत प्रयासों का प्रमाण है। एम्स भोपाल को आईएसएन क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में मिली यह मान्यता न केवल हमारी प्रतिष्ठा को बढ़ाएगी, बल्कि भारत और अन्य देशों में विभिन्न चिकित्सा केंद्रों को सहयोग प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# पूर्व आईएएस शिवनारायण मिश्रा प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सदस्य नियुक्त

**भोपाल प्रटा।** मध्य प्रदेश सरकार ने पूर्व आईएएस अधिकारी शिवनारायण मिश्रा को मध्य प्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। यह पद राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव के नियुक्ति के बाद से खाली था। राज्य शासन ने इस नियुक्ति के लिए आधिकारिक आदेश जारी किया है। शिवनारायण मिश्रा को कई अहम पदों पर कार्य करने का अनुभव रहा है। उन्होंने कई जिलों में कलेक्टर के रूप में कार्य किया है। वे नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष भी रहे हैं। मिश्रा हाल ही में अपर मुख्य सचिव गृह और परिवहन विभाग के पद से सेवानिवृत्त हुए। मध्य प्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सदस्य पद पर शिवनारायण मिश्रा की नियुक्ति से यह आयोग फिर से सशक्त हुआ है। पहले इस आयोग के सदस्य के रूप में 1987 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनोज श्रीवास्तव कार्यरत थे, जिन्हें बाद में राज्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया था। अब उनकी जगह शिवनारायण मिश्रा को यह महत्वपूर्ण पद सौंपा गया है।

# असामाजिक तत्व ने बाबा साहब की प्रतिमा की उंगली तोड़ी

## पुलिस ने शुरू की जांच, तीन महीने में दूसरी घटना

**दमोह।** दमोह जिले के कुम्हारी थाना क्षेत्र में आने वाले पटेरिया गांव में किसी असामाजिक तत्व ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के हाथ की एक उंगली तोड़ दी। गुरुवार सुबह जब लोगों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त हालत में देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। बता दें कि तीन महीने में दमोह जिले में बाबा साहब की प्रतिमा से छेड़छाड़ की यह दूसरी घटना है।

जानकारी के अनुसार पटेरिया ग्राम पंचायत भवन के बाहर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थित है। जहां बुधवार की रात किसी असामाजिक तत्व ने बाबा साहब के दाएं हाथ की एक उंगली तोड़ दी। सुबह जब समाज के लोगों को जानकारी मिली, तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंचकर एएसपी संदीप मिश्रा और कुम्हारी थाना प्रभारी रोहित द्विवेदी द्वारा जांच शुरू की गई। साथ ही, दमोह से आई डॉग स्क्वॉड टीम के द्वारा भी जांच की गई। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। समाज के लोगों को शीघ्र ही आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया गया है। प्रतिमा के बाजू में सीढ़ी लगी थी, संभवतः आरोपी ने इसी सीढ़ी पर चढ़कर प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया है।

**दूसरी घटना-** बाबा साहब की प्रतिमा से छेड़छाड़ की यह दूसरी घटना है। दिसंबर महीने में पटेरा थाना क्षेत्र के कोटा गांव में एक शराबी युवक ने बाबा साहब की प्रतिमा का एक हाथ क्षतिग्रस्त कर दिया था

# पेटा इंडिया के वैलेंटाइन 'एन्जिल्स' करुणा का संदेश लेकर भोपाल पहुंचेंगे




**भोपाल।** वैलेंटाइन डे से ठीक पहले, PETA इंडिया और एनीमल्स विद ह्यूमेनिटी के समर्थक लाल गाउन और एंजल विंग्स में सजकर, जोड़ों और राहगीरों को लाल गुलाब और र ताजे-ताजे वीगन कपकेक वितरित करेंगे। ये कपकेक भोपाल स्थित केक बाय रीता बेकरी द्वारा तैयार किए ताजे ताजे दौरान, वे हाथ में एक साइन भी पकड़े होंगे, जिस पर लिखा होगा अपने दिल की सुनें वीगन बन गये वैलेंटाइन एन्जिल्स लोगों को पशुओं के प्रति दया दिखाने और स्वस्थ, मानवतावादी वीगन आहार अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

पेटा इंडिया के कैंपेनस कोऑर्डिनेटर, अथर्व देशमुख ने कहा, ÷वैलेंटाइन डे, वीगन आहार अपनाकर सभी संवेदनशील प्राणियों के प्रति प्यार दिखाने का आदर्श अवसर है। वीगन जीवनशैली अपनाने से आप न केवल अनगिनत पशुओं की जान बचाते हैं, बल्कि अपने स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए भी बेहतर कदम उठाते हैं।÷

पेटा इंडिया का कहना है कि आम धारणा के विपरीत, वीगन आहार भारतीय परंपरा का हिस्सा है। 5,000 साल पहले की हिमालयी जनजातियां पूरी तरह से वीगन थीं, जो इसका एक सशक्त उदाहरण है। इसके अलावा, वीगन आहार वह शाकाहारी आहार है, जिसमें डेयरी उत्पादों का पूर्णतया त्याग किया जाता है और केवल पौधों से प्राप्त भोजन पर निर्भर रहा जाता है। शाकाहारी भोजनशैली भारत से उत्पन्न हुई थी। यह आहार पश्चिमी देशों में चौथी शताब्दी ईसा पूर्व से प्रभावी था। 2023 में हुए YouGov इंडिया पोल के अनुसार, 59 प्रतिशत भारतीयों ने जल्द ही वीगन आहार अपनाने की इच्छा जताई है। 74 प्रतिशत लोग इसे सेहत के त के लिए बेहतर विकल्प मानते हैं, 73 प्रतिशत इसे पशु क्रूरता को रोकने का प्रभावी तरीका मानते हैं, 72 प्रतिशत का मानना है कि यह पर्यावरण के लिए लाभकारी है, और 62 प्रतिशत इसे अपनाने में आसान मानते हैं।

डेयरी उद्योग में बछड़ों को डर और पीड़ा से उनकी माताओं से जबरन अलग कर दिया जाता है, ताकि इंसान उनके लिए उत्पादित दूध छीनकर पी सकें। नर बछड़ों को अक्सर लावारिस छोड़ दिया जाता है या मार दिया जाता है, क्योंकि वे दूध नहीं उत्पन्न कर सकते, और इन्हीं की बदौलत डेयरी उद्योग मांस उद्योग को मवेशियों की आपूर्ति करता है।

हर वीगन व्यक्ति हर साल लगभग 200 पशुओं की जान बचाता है, अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करता है, और कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, मधुमेह और मोटापे जैसी गंभीर बीमारियों के जोखिम को घटाता है। SARS, स्वाइन फ्लू, बर्ड फ्लू और संभवतः COVID-19 जैसे संक्रमणों का भी संबंध पशुओं को मारने और उनके मांस को खाने से है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए एक वैश्विक वीगन बदलाव आवश्यक है, जिससे 2050 तक 80 लाख मानव जीवन बचाए जा सकते हैं।